गाजियाबाद, दिल्ली एवं नोएडा से एक साथ प्रकाशित

R.N.I.NO. UPHIN/1998/202



# हिन्द आत्मा



केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

दैनिक

प्रातः कालीन संस्करण

गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मेरठ, मोदीनगर, बागपत, हापुड, बुलन्दशहर, मुरादाबाद एवं लखनऊ में सर्वाधिक प्रसारित

वर्ष: 26 | अंक: 07 | गाजियाबाद, रविवार 07 अप्रैल, 2024 | सम्पादक-अशोक कौशिक | मूल्य : 1 रुपया







## प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में दिखाई दी एक भारत, श्रेष्ठ भारत की झलक

### स्वागत का अदभुद नजारे से मोदी हुए गद गद







हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** देश के प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान लोगों का उत्साह स्पष्ट दिखाई दिया। पीएम मोदी रोड शो में अपने निर्धारित समय के अनुसार शाम 5:30 बजे पहुंच गए और उनकी अगुआई स्वागत करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनसे 15 मिनट पहले पहुंचे। प्रधानमंत्री के रोड शो में पहुंचने पर उनके साथ रथ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह गाजियाबाद लोकसभा के प्रत्याशी अतुल गर्ग मौजूद रहे। पूरे मंत्रोपचार के साथ दूधेश्वर नाथ पीठ के महन्त नारायण गिरी ने गुरुकुल के शिक्षार्थियों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में आगमन पर स्वागत अभिनंदन का शुभारंभ हुआ। क्षेत्र की जनता व स्थानीय कार्यकताओं ने पुष्प वर्षा कर मोदी योगी जिंदाबाद फिर एक बार 400 पार के नारों के साथ शानदार स्वागत अभिनंदन किया। शहर के नागरिकों में व्यापारियों में तथा अलग-अलग समाज के सभी वर्गों में पीएम मोदी के रोड शो में आकर स्वागत अभिनंदन करने की उमंग का नजारा कुछ अलग ही दिखाई पड़ा। पीएम मोदी रोड शो के दौरान स्वागत के स्वरूप में सनातन का रंग, अयोध्या की आस्था का रंग, पूर्वांचल, उत्तराखण्ड, बंगाल, पंजाब के रंग, एनडीए के सहयोगी दल आरएलडी की गुलाबी पुष्प वर्षा का रंग, व्यापारी, किसान, खिलाड़ी, युवा, लखपति दीदी का रंग, लाभार्थी, अल्पसंख्यक समाज के रंग जैसे अनेकों रंग को देख पीएम मोदी लोगों का अभिवादन करते गदगद दिखाई पड़े।

---

### राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी को बताया राजनीति का फिनिशर, बोले

## देश से कांग्रेस को कर रहे हैं खत्म



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बीजेपी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सिंगरौली और सीधी में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकताओं में जीत का जोश भरा। सीधी में राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी को राजनीति का फिनिशर कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज पूरे देश में खत्म हो गई। कई नेता कांग्रेस छोड़ रहे, जिस तरह क्रिकेट में धोनी फिनिशर हैं, उसी तरह राजनीति में राहुल गांधी कांग्रेस के फिनिशर हैं। वहीं, सिंगरौली में रक्षा मंत्री ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे देश मजबूत होगा। जनता अपने वोट का बेहतर इस्तेमाल कर सकेगी। खरीद-फरोख्त रोकने का भी यही उपाय है, देश में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' होना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारे देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। कांग्रेस सरकार के दौरान किसी न किसी राज्य में आतंकवादी घटनाएं होती रहती थीं। कांग्रेस और उसके सहयोगियों दलों के नेता लोगों को डराकर उनके बीच नफरत पैदा करते हैं। भाजपा कभी भी जाति, धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करती, बल्कि हम न्याय और मानवता की राजनीति करने वाले लोग हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वो करती है। आज अयोध्या की धरती पर भव्य राम मंदिर बन गया है। रामलला अपनी कुटिया से निकलकर महल पहुंच चुके हैं।

---

## यूपी का मौसम: कई शहरों का पारा 40 डिग्री के पार, 11 अप्रैल तक मौसम विभाग ने की भविष्यवाणी



**लखनऊ।** लखनऊ सहित पूरे यूपी में गर्मी का कहर है। शनिवार को दिन में कहीं तेज धूप रही तो कहीं हल्के बादल। आने वाले दिनों में मौसम में मामूली बदलाव होने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बहुत ज्यादा तो नहीं पर कुछ बदलाव के आसार बने हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, 10 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं, इसका असर भी दिखेगा। हालांकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन पूर्वी इलाकों में गरज-चमक और बौछारों पड़ सकती हैं। मौसम में ये बदलाव सात अप्रैल से ही नजर आने लगेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, हवा की तेजी से शनिवार को पारे में थोड़ी गिरावट आई। प्रयागराज में ही पारा 40 से अधिक 40.9 डिग्री रहा। जबकि शुक्रवार को प्रयागराज के अलावा सुल्तानपुर, वाराणसी में 40 से अधिक था। वहीं पूरे प्रदेश में न्यूनतम व अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज हुआ था। इसके विपरीत शनिवार को कई इलाकों में पारा सामान्य से नीचे आया। राजधानी में शनिवार को धूप की तेजी में हल्की सी नरमी दिखी। दिन का पारा करीब दो डिग्री की गिरावट के साथ 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38.9 तक पहुंच गया था। न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की बढोतरी रही और यह 21.8 की तुलना में 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, रविवार को भी तापमान ऐसा ही रहने के आसार जता रहे हैं। हालांकि 11 अप्रैल को राजधानी में बूंदाबांदी के भी आसार जताए जा रहे हैं।

---

## मोदी सरकार के आने के बाद देश में करोड़ों लोग गरीब हो गए हैं: राहुल



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड योजना 'दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला' है और उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निर्वाचन आयोग में 'अपने लोगों' को रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी में चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। हैदराबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि भारत में हर दिन करीब 30 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने अमीरों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है जबकि किसानों के कर्ज का एक रुपया तक माफ नहीं किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार के आने के बाद देश में करोड़ों लोग गरीब हो गए हैं। कांग्रेस चुनाव घोषणापत्र में शामिल पांच न्याय का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वे केंद्र में सत्ता में आते हैं तो किसान न्याय के जरिए किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी दी जाएगी।

---

## सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का हो गया राम नाम सत्य : योगी आदित्यनाथ

### मुख्यमंत्री ने नगीना लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित, बोले सीएम- श्रीराम के भव्य मंदिर के साथ ही बाबा साहेब के पंचतीर्थों का भी हुआ कायाकल्प





**बिजनौर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 साल का इंतजार खत्म हुआ है और प्रभु श्रीराम अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। न केवल श्रीराम का भव्य मंदिर तैयार हुआ है, बल्कि बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों का भी कायाकल्प हुआ है। साथ ही काशी में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जन्मभूमि को भी नया गौरव प्रदान किया गया है। यही नहीं बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का राम नाम सत्य भी हो चुका है। कोई देश 10 साल में कैसे बदल सकता है, इसका पूरी दुनिया में जीता जागता उदाहरण भारत है। सीएम योगी शनिवार को यहां नगीना लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी ओम कुमार के लिए चुनावी जनसभा करने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने बदलते हुए भारत को देखा है। 10 साल पहले न भारतीयों का दुनिया में सम्मान था और न भारत के अंदर सुरक्षा थी।

विकास के कार्य ठप पड़े थे। भ्रष्टाचार चरम पर था। महापुरुषों का सम्मान नहीं था। मगर मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत किस कदर विकास कर रहा है और कैसे पूरी दुनिया में सम्मान प्राप्त कर रहा है, ये हम सभी देख रहे हैं। आज नया भारत ग्लोबल लीडर के रूप में देखा जा रहा है। बिजनौर से नजीबाबाद तक फोर लेन सड़क का निर्माण हो चाहे महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज, यह सभी कार्य आपके सामने हैं। सीएम ने बताया कि मोदी सरकार में देशभर के 80 करोड़ गरीबों को फ्री में राशन दिया जा रहा है। इसके अलावा गरीबों को फ्री में आयुष्मान कार्ड, 10 करोड़ माताओं को फ्री में उज्ज्वला कनेक्शन भी मिल रहा है। इतना ही नहीं आजादी के बाद पहली बार बाबा साहेब के पंच तीर्थों का विकास मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है। कांग्रेस, बसपा और समाजवादी पार्टी केवल बाबा साहेब का नाम लेते रहे। मगर उनके सपनों को साकार करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पांच सदी का इंतजार समाप्त हो चुका है और अयोध्या में रामलला विराजमान हो गये हैं। इससे पहले ही अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया गया है। बीजेपी कहती नहीं, बल्कि करके दिखाती है। हमने चार करोड़ गरीबों को सिर ढंकने को छत दिया है तो बाबा साहेब के पंचतीर्थों को सम्मान देने और रामलला के भव्य मंदिर का काम भी भाजपा ने किया है। गरीबों, महापुरुषों और आस्था को सम्मान भाजपा राज में दिया जा रहा है। कांग्रेस, सपा बसपा केवल दंगा करवाते थे और दंगाइयों को प्रश्रय दिया करते थे। ये पार्टियों कर्फ्यू लगाया करती थीं, हमने कांवड़ यात्रा का आयोजन किया है। हमने प्रभु श्रीराम को साक्षात अयोध्या में विराजमान कर दिया है तो बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में जो सेंध लगाते थे उनका राम नाम सत्य भी हो गया है। ये आपको तय करना है कि आपको जातिवाद करने वाले चाहिए या सबका साथ सबका विकास करने वाले। सीएम ने कहा कि नगीना प्रत्याशी ओम कुमार ने लखनऊ में मेहनत करके यहां मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराई। नजीमाबाद में चीनी मिल का पुनरोद्धार हो गया। बिजनौर से हमारा इतिहास जुड़ा है। इतिहास और विरासत के साथ विकास आवश्यक है। इसके साथ ही सुरक्षा भी आवश्यक है। हम जातिवाद, सम्प्रदायवाद और तुष्टिकरण की बात नहीं करते। हम जनता को जनार्दन मानकर उसकी सेवा करते हैं। गुंडागर्दी करने वालों को कानून के शिकंजे में लाने का काम करते हैं। बेटी, व्यापारी, महिला, किसान सभी को सुरक्षा की गारंटी देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी परिवर्तन देश में दिख रहा है, उसके वाहक हम नहीं बल्कि आप हैं। आपके एक वोट की ताकत ने देश की तस्वीर बदली है। वोट गलत हाथा में जाता था तो कर्फ्यू लगता था। रंगदारी वसूली जाती थी, मगर आज पटरी व्यवसाइयों को पीएम स्वनिधि प्रदान की जाती है।

# समाज को सुधारने और संवारने के लिए महर्षि कश्यप ने बिताया पूरा जीवनः नरेंद्र कश्यप

## महर्षि कश्यप पर संजय नगर सेक्टर-23 में जयंती पर आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** कश्यप निषाद संगठन के तत्वाधान में भगवान महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर शुक्रवार को महर्षि कश्यप पार्क संजय नगर, सेक्टर-23 गाजियाबाद में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सबसे पहले कार्यक्रम की शुरूआत माल्यार्पण कर की। इसके बाद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप ने समाज को सुधारने और संवारने के लिए अपना पूरा जीवन बिताया। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि सेक्टर-23 में जिस प्रकार



का पार्क महर्षि कश्यप के नाम पर समर्पित किया गया है ऐसा पहले नहीं होता था। उन्होंने कहा है कि समाज को मजबूत दिशा में ले जाने के लिए महर्षि कश्यप ने सदैव दूसरों के लिए ही सोचा है। महर्षि कश्यप पार्क सेक्टर-23 में आयोजित भगवान महर्षि कश्यप जयंती में शहर के तमाम प्रतिष्ठित और गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस दौरान सभी ने भगवान महर्षि के जीवन के विषय पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए समाज के श्रेष्ठ कार्यों के लिए सराहना की। इस दौरान भगवान महर्षि के जीवन पर आरती और हवन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंत्र उच्चारण के साथ की गई थी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बुजुर्ग ,महिलाएं, युवा और कश्यप समाज और कश्यप निषाद संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि भगवान महर्षि कश्यप का जीवन शुरूआत से ही संघर्ष के साथ बीता है। इसके बावजूद उन्होंने अपने जीवन में दूसरों को मदद और अंधकार भरे जीवन में प्रकाश फैलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को भगवान महर्षि कश्यप की जयंती के अवसर पर संकल्प लेना चाहिए कि वह भगवान महर्षि कश्यप की बताएं मार्ग पर चले ताकि उनके जीवन में आने वाली सभी बाधये दूर हो जाये। सेक्टर-23 संजय नगर में जो महर्षि कश्यप पार्क बनाया गया है, उसका निर्माण उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से किया गया था। यहां खासतौर से पैदल फुटपाथ बनाने के साथ ही लोगों की सहूलियत के लिए बैठने वाली बेंच और रात के लिए प्रकाश की उपयुक्त व्यवस्था की गई है। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप के विशेष प्रयासों के बाद बना है। महर्षि कश्यप पार्क सेक्टर- 23 संजय नगर में भगवान महर्षि कश्यप जयंती समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कश्यप निषाद संगठन के ओर से आयोजित किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रशंसनीय रहा पुलिस प्रशासन का कार्य, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में सभी अधिकारी रहे अलर्ट





हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा कि जैसे ही कोई वीआईपी कार्यक्रम गाजियाबाद में लगता है सभी अधिकारी अलर्ट हो जाते हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में शनिवार को अंबेडकर रोड पर प्रधानमंत्री ने रैली निकाली। पहली बार हुआ कि पीएम मोदी ने गाजियाबाद में रोड शो किया। जिसकी तैयारी गाजियाबाद पुलिस प्रशासन ने बड़ी ही चौकसी से अपनी भूमिका निभाई जो एक प्रशंसनीय कार्य रहा। कोई भी असामाजिक तत्व रोड शो में विघ्न न डाले इसके लिए सभी अधिकारी अलर्ट रहे लेकिन चप्पे-चप्पे पर पुलिस प्रशासन ने अपनी निगाहें रखी हुई थी और जो सफल रही। प्रधानमंत्री पीएम मोदी के रोड शो रैली को सफल बनाने के लिए गाजियाबाद पुलिस प्रशासन का वंदनीय कार्य रहा। सभी नागरिक पुलिस प्रशासन का अभिनंदन करते हैं। रोड शो में अपार जन समूह देखने को मिला।

# इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने लोनी और मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र का धुंआधार दौरा किया







हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** शनिवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने लोनी और मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कीं और समाज के गणमान्य लोगों से मिलीं। इस दौरान उनके गठबंधन सहयोगी नेतागण भी उनके साथ रहे। जिनमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, सपा जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन, सपा नगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, सपा नेता राहुल पंडित आदि प्रमुख हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, समर्थकों ने उन्हें स्थानीय मुहल्ले और गांवों में जगह-जगह घुमाया, मंदिर में दर्शन कराया और स्थानीय जनसमस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने आमलोगों को आश्वस्त किया कि आपकी सभी समस्याओं के समुचित हल निकलवाने में सहयोग करुंगी। इसके लिए मैं सड़क से संसद तक संघर्ष करूंगी, लेकिन आप लोगों को नाउम्मीद नहीं होने दूंगी।

# मॉडल टाउन ईस्ट के प्रयासों से सुधरी गांधीनगर कम्पोजिट स्कूल की हालत, एक वर्ष पूर्व गोद लिया गया था विद्यालय

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** मॉडल टाउन ईस्ट के प्रयासों से गांधीनगर कम्पोजिट स्कूल की हालत सुधरी है। एक वर्ष पूर्व मॉडल टाउन ईस्ट के लोगों ने गाँधीनगर कम्पोजिट स्कूल को गोद लिया था। इस कार्य में विशेषकर डॉ. आर ए जिंदल, महेंद्र अग्रवाल, राजीव वर्मा व रमा त्यागी का विशेष सहयोग रहा था।

कर्नल तेजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि जब इस विद्यालय को गोद लिया गया था उस समय वहां वहाँ टूटे फूटे कमरे थे। विद्यालय की जो थोड़ी बहुत खुली जमीन जो थी वो भी उबड़ खाबड़ थी। यहाँ तक कि प्रवेश द्वार भी काफी जर्जर हालत में था। कर्नल त्यागी ने बताया कि गांधीनगर कम्पोजिट स्कूल वर्तमान में काफी बेहतर स्थिति में है। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय के दो कमरों में अभी साज सज्जा का कार्य




बाकि है। इसका बावजूद अब यहाँ कंप्यूटर, स्मार्टबोर्ड, सीनियर बच्चों के पास स्पोर्ट्स की यूनिफॉर्म, खेलों का समान और नया फर्नीचर उपलब्ध है।

विद्यालय की जो जमीन खाली पड़ी हुई थी उसमें सब्जी पैदा हो रही है जिसमे बच्चों ने किचन गार्डन बना लिया है। जिसमें पैदा होने वाली सब्जी को बच्चे अपने मिड डे मील मे खाते हैं। गांधीनगर कम्पोजिट स्कूल के बच्चों ने राज्य स्तर पर बुलंदशहर में आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरुस्कार भी प्राप्त किया है। कर्नल त्यागी ने कहा कि विद्यालय को गोद लेकर उसकी दशा सुधारने का कार्य इसलिए किया गया ताकि अन्य सोसाइटियां भी अपने आस पास के सरकारी स्कूलों को गोद लें और उन्हे कुछ हद तक तो बेहतर करें। जिससे उनमें पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर माहौल मिल सके। गाजियाबाद में करीब 350 सोसाइटी हैं। यदि एक सोसाइटी के लोग आस पास के एक स्कूल को भी गोद ले लेते हैं तो समझ लीजिए की गाजियाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने की तरफ एक सशक्त कदम बढ़ जाएगा।






**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के साथ रोड शो के अवसर पर गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

### जन समस्याओं के समाधान पर त्वरित कार्यवाही कर रहे हैं निगम अधिकारी, धरातल पर हो रहे कार्यों की मॉनिटरिंग खुद कर रहे हैं नगर आयुक्त

# प्रतिदिन की समीक्षा से गाजियाबाद 311 की प्रभावपूर्ण हो रही है कार्यशैलीः नगरायुक्त

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के कुशल नेतृत्व में जन समस्याओं के समाधान पर रफ्तार से कार्य कर रहा है, विभागीय अधिकारी भी जन समस्याओं के समाधान पर प्राथमिकता पर टीम के द्वारा कार्य करा रहे हैं।

आईजीआरएस, गाजियाबाद 311, ईमेल, सोशल मीडिया, दूरभाष, कंट्रोल रूम, शिकायती पत्र या अन्य पोर्टल/माध्यम से प्राप्त होने वाली जन समस्याओं का निस्तारण करना निगम की पहली प्राथमिकता है जिस पर बखूबी कार्य हो रहा है देखने में आया है कि विभागीय अधिकारी भी धरातल पर हो रहे कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को जन समस्याओं के समाधान के लिए वरिष्ठ प्रभार सोपा गया है जिनकी देखरेख में टीम द्वारा किया जा रहा है।





अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद 311 ऐप को लेकर प्रतिदिन समीक्षा की जाती है जिसके क्रम में न केवल गाजियाबाद नगर निगम की टीम को ही मोटिवेट करते हुए प्रशिक्षण का कार्य किया जाता है बल्कि आम जनमानस को भी गाजियाबाद 311 के सही इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी जा रही है इस प्रकार जन समस्याओं के प्राप्त होने पर उनका सही तरीके से समाधान टीम द्वारा किया जा रहा है जिसकी मॉनिटरिंग खुद नगर आयुक्त द्वारा की जा रही है, आईजीआरएस की प्रभारी पल्लवी सिंह द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सेम डे निस्तारण की कार्यवाही कराई जाती है तथा शाम तक होने वाले कार्यों का फीडबैक भी लिया जाता है, इसी प्रकार अन्य शासन के पोर्टल के माध्यमों से प्राप्त होने वाली समस्याओं के समाधान भी गाजियाबाद नगर निगम त्वरित कार्यवाही के अंतर्गत कर रहा है। 'गाजियाबाद 311 एप' पर लगभग प्रतिदिन 80 से 100 के बीच में संदर्भ प्राप्त हो रहे हैं जिसमें कुछ प्रतिक्रियाएं हैं और कुछ समस्याएं प्राप्त हो रही हैं जिन पर अविलंब कार्यवाही निगम द्वारा की जा रही है, 'आईजीआरएस' के माध्यम से लगभग 50 से 60 संदर्भ प्रतिदिन प्राप्त हो रहे हैं जिनकी प्रतिदिन संबंधित अधिकारी द्वारा समीक्षा करते हुए कार्यवाही कराई जाती है, 'दूरभाष' के माध्यम से भी लगातार 15 से 20 समस्याएं प्राप्त होती हैं जिनका तत्काल टीम के द्वारा निस्तारण कराया जाता है, 'शिकायती पत्रों' के माध्यम से लगभग 70 से 80 संदर्भ प्राप्त हो रहे हैं जिनको प्रतिदिन संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए कार्यवाही के लिए अग्रेषित कराया जा रहा है 'सोशल मीडिया' के माध्यम से भी प्रतिदिन 15 से 20 संदर्भ प्राप्त हो रहे हैं जिन पर टीम के द्वारा सेम डे निस्तारण की कार्यवाही कराई जा रही है इस प्रकार गाजियाबाद नगर निगम को प्राप्त होने वाले समस्याओं के संदर्भों को विभागीय अधिकारी तथा धरातल पर कार्य करने वाली टीम निस्तारित कर रही है, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, टीम 100, सामाजिक संस्थाओं का भी गाजियाबाद नगर निगम को सहयोग प्राप्त हो रहा है जो की सराहनीय है।

# भारत के महावाणिज्य दूतावास जद्दाह ने हज-2024 के हज यात्रियों हेतु कुछ विशेष निर्देश व चेतावनी निर्गत

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई के सकुर्लर 15 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। भारत के महावाणिज्य दूतावास जद्दाह ने हज-2024 के हज यात्रियों हेतु कुछ विशेष निर्देश व चेतावनी निर्गत की हैं। जिनका निम्नवत उल्लेख किया गया है- हज वीजा पर तीर्थ यात्रियों द्वारा किसी भी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधि करना सख्त वर्जित है। यदि तीर्थ यात्री ऐसी किसी भी गतिविधि करने का प्रयास करते हैं तो उन्हें स्थानीय पुलिस द्वारा पकड़ा जा सकता है।

मक्का मुकर्रमा और मदीना मुनव्वराह में पवित्र मस्जिदों पर झंडे या किसी भी प्रकार के बैनर फहराना, मस्जिदों के फर्श पर पड़ी दूसरों की वस्तुओं को उठाना, सऊदी सुरक्षा कर्मियों के साथ बहस करना या झगड़ा करना, धरना करना या सऊदी अरब के कानूनों के तहत किसी भी प्रकार की नारेबाजी सख्त वर्जित है। तीर्थ यात्रियों को सऊदी अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किया जा सकता है, हिरासत में लिया जा सकता है या यहां तक कि सऊदी अरब की यात्रा पर भारी जुमार्ना या स्थायी प्रतिबंध की संभावना के साथ निर्वासित भी किया जा सकता है। उपर्युक्त गंभीर प्रकृति के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए अनुरोध है कि हज 2024 के हज यात्रियों से अपील है कि, जारी इन नवीनतम दिशा-निर्देशों के बारे मे जागरुक हों।

# सरस्वती शिशु मंदिर के नवीन सत्र के प्रथम दिवस छात्रों का किया स्वागत







हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर नेहरू नगर गाजियाबाद में शुक्रवार विद्यालय के प्रथम दिवस के अवसर पर छात्रों का स्वागत किया गया। कक्षा आचार्यों ने अपनी अपनी कक्षा के छात्रों को बैज, टाफी आदि देकर और रोली का टीका लगा कर स्वागत किया गया। विद्यालय में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था ,जिसमें बच्चों ने बड़ी प्रसन्नता के साथ अपने फोटो खिंचवाएं। नवीन सत्र के प्रथम दिवस छात्रों में बहुत ही उत्साह व उत्सुकता देखी गयी। नवीन प्रवेश वाले छात्र-छात्राएं विद्यालय की सुंदरता, उद्यान आदि देखकर बड़े प्रसन्न हुए। प्रातः काल वंदना स्थल पर नवीन प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा बाना ने सभी छात्रों को नवीन सत्र की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने पहले उद्बोधन में छात्रों को अनुशासन, लगनशीलता अध्ययन आदि का महत्व बताया।

# सिक्ख समाज द्वारा दिए सरोपे को मोदी जी ने सिर माथे पर लिया : सरदार एस पी सिंह

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाज़ियाबाद।** शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान पूरे मार्ग पर सम्पूर्ण भारत के सांस्कृतिक दर्शन करने का अवसर मिला। समाज के सभी वर्गों द्वारा मोदी जी का स्वागत व सम्मान किया गया। सिक्ख समाज द्वारा भी चौधरी मोड़ पर मोदी जी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह व समाजसेवी गगन सिंह अरोड़ा व अंगद सिंह द्वारा दिए गए सरोपे को उन्होंने एसपीजी द्वारा मंगाया और उसको लेकर सम्मान के साथ सिर माथे पर लगाया। यह प्रधानमंत्री मोदी का सिक्ख धर्म के प्रति आस्था व सम्मान दशार्ता है। इस अवसर पर जगमोहन सिंह सलूजा, इन्द्रजीत सिंह टीटू, हरप्रीत सिंह जग्गी, मनजीत सिंह सेठी, जसबीर सिंह सलूजा, हरमिंदर सिंह, राजेन्द्र सिंह जग्गी, दर्शन सिंह,





सुरजीत सिंह, डा० नमित वार्षणेय, हरविंदर सिंह सलूजा, हरदीप कोहली, दलजीत सिंह टिम्मी, नवजोत सिंह, जसपाल सिंह सलूजा, भरत कुमार, ज्ञानी महेंद्र सिंह, हरमीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

भक्तों ने श्रीमहंत नारायण गिरि को दिया अनमोल तोहफा, श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में 65 दीये जलाकर व भंडारे का आयोजन कर महाराजश्री का जन्मदिवस मनाया

# सिर्फ एक ही इच्छा है कि इसी प्रकार भगवान की सेवा का सौभाग्य मिलता रहे: श्रीमहंत नारायण गिरि

हिन्द आत्मा संवाददाता







**गाजियाबाद।** श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के भक्तों ने शुक्रवार को उन्हें अनमोल तोहफा दिया। उन्होंने मंदिर में 65 दीये जलाकर व भंडारे का आयोजन महाराजश्री का जन्मदिवस मनाया और उनका आशीर्वाद लिया। महाराजश्री का शुक्रवार 5 अप्रैल को 65 जन्मदिवस था। वे जन्मदिवस नहीं मनाते हैं मगर मंदिर के स्वयंसेवकों, भक्तों व दिल्ली संत महामंडल के संतों के स्नेह, प्यार व सम्मान को देखते हुए उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्होंने सादगी से भगवान दूधेश्वर व गुरू मूर्तियों की पूजा-अर्चना कर अपना जन्मदिवस मनाया। श्रीमहंत नारायण गिरि शुक्रवार को हरिद्वार में आयोजित संत आशीर्वाद समारोह में भाग लेने के लिए गए जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नडडा थे। वहां से वे सांय 5 बजे मंदिर पहुंचे तो बंगलुरू की राधिका गोस्वामी, विष्णु प्रिया, ज्योति पंडित, महेश पंडित, श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ के आचार्य व महाराजश्री के साथ बचपन से रहने वाले अमित शर्मा, पीछ के सचिव लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, आचार्य तयोराज उपाध्याय, अनिल पाढी, विकास पांडे, रोहित त्रिपाठी, श्री दूधेश्वर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल, समाजसेवी चोपड़ा आदि ने उनके जन्मदिवस की सारी तैयारी कर रखी थी। महाराजश्री ने कहा कि संतों का जन्मदिवस नहीं मनाया जाता है मगर सभी के आग्रह, स्नेह व प्यार को देखते हुए वे सादगी से जन्मदिवस मनाने को तैयार हुए। सभी भक्तों ने मंदिर में 65 दीये जलाकर व भगवान दूधेश्वर तथा गुरूमूर्तियों की पूजा-अर्चना कर महाराजश्री के अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु जीवन तथा उनके इसी प्रकार सनातन धर्म की पताका पूरे विश्व में निरंतर फहराते रहने की प्रार्थना की। भक्तों ने भंडारे का आयोजन भी किया, जिसमें बडी संख्या में भक्तों व संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। दिल्ली संत महामंडल से महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महाराज, महामंडलेश्वर विद्या गिरि, महामंडलेश्वर कंचन गिरि महाराज, श्रीमहंत धीरेंद्र पुरी महाराज, प्राचीन देवी मंदिर दिल्ली गेट के महंत गिरिशानंद गिरि महाराज ने भी उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन के लिए प्रार्थना की।

श्रीमहंत नारायण गिरि ने कहा कि उनका जन्म 5 अप्रैल को राजस्थान के बाडमेर जिले के तेलवाडा में प्रातः 6 बजकर 11 मिनट पर हुआ था। वे वर्ष 1977 में श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर आ गए थे और तब से निरंतर भगवान दूधेश्वर की सेवा करते हुए उन्हें 48 वर्ष हो गए हैं। 40 वर्ष से वे मंदिर के पीठाधीश्वर हैं। वे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के गुरू धीरेंद्र ब्रहमचारी, आचार्य रजनीश, चंद्रास्वामी जैसे बडे संतों के साथ रहे। भक्तों ने उनसे भी कहा कि वे भी इनके समान ही बडे व महान संत बनें, मगर उनकी तो जीवन की एक ही इच्छा, सपना व लक्ष्य हमेशा भगवान का सेवक बनना ही रहा। वे हमेशा कहते हैं कि महान मुश्किल नहीं है। सरल बनना बहुत मुश्किल है क्योंकि भगवान का वास महानता में नहीं सरलता में होता है। लोगों ने उनसे चुनाव लडने के लिए भी कहा मगर उन्होंने साफ मना कर दिया क्योंकि जिसको बाबा अमरनाथ, भगवान दूधेश्वर की सेवा करने तथा भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने व उनके दर्शन-पूजन करने का सौभाग्य मिल गया, उसे दुनियादारी व सांसारिक मोह-माया से क्या लेना-देना। मेरी तो भगवान से यही प्रार्थना है कि वे पूरे जीवन इसी प्रकार अपनी सेवा करने का सौभाग्य प्रदान करते रहें। महाराजश्री ने उनका जन्मदिवस मनाने के लिए मंदिर के सभी आचार्यों, स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों, भक्तों, दिल्ली संत महामंडल के सभी संतों तथा सोशल मीडिया पर भी उनके ज्नमदिवस पर उनके लिए भगवान से प्रार्थना करने वालों का आभार व्यक्त किया। महाराजश्री को जन्मदिवस की बधाई देने के लिए भक्तों का देर रात तक तांता लगा रहा। देश के कई शहरों से भक्त उन्हें जन्मदिन की बधाई देने के लिए आए। वार्ड 55 के पार्षद संतोष सिंह राणा, जाकिर अली सैफी पूर्व सभासद, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, प्रतिनिधि जितेंद्र गौड धोबी, श्री राम सेना के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार, स्पर्श अग्रवाल, राकेश वर्मा, अजय शर्मा, हरिओम शर्मा, मोंटी ठाकुर, सुनील शर्मा आदि ने श्रीमहंत नारायण गिरी को पगड़ी एवं पटका पहनकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी व उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## महर्षि दयानंद विद्यापीठ में बुक एक्सचेंज मेले का आयोजन

हिन्द आत्मा संवाददाता






**गाजियाबाद।** गत वर्षों की भांति इस बार भी महर्षि दयानंद विद्यापीठ में बुक एक्सचेंज मेले का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने अपनी पिछली कक्षा की पुस्तक विद्यालय में जमा की और अगली कक्षा की पुस्तक विद्यालय से प्राप्त की। कुल 1865 किताबें जमा की गई और 768 किताबें बच्चों ने विद्यालय से प्राप्त की। ऐसे समय में जब शिक्षा एक व्यवसाय का रूप ले चुकी है तब महर्षि दयानंद विद्यापीठ ने हमेशा ही शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम और मूल्यों को स्थापित किया है।

विद्यालय ने अपनी स्थापना के बाद से ना तो बच्चों की यूनिफॉर्म में परिवर्तन किया और ना ही कभी बच्चों पर मान्य पुस्तकों से अन्य पुस्तक खरीदने का दबाव बनाया है। प्रशासन द्वारा निर्धारित और एनसीईआरटी सिलेबस की पुस्तक ही विद्यालय में लगाई जाती हैं। बच्चे अपनी पिछली कक्षा की किताबें जमा करके नई किताबें विद्यालय से ही प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ सीमा सेठी और डायरेक्टर सचिन्द्रनाथ त्यागी उपस्थित रहे। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों ने बुक एक्सचेंज मेले में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार में ऑरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार में 4 तथा 5 अप्रैल को पूर्व प्राथमिक कक्षाओं से द्वितीय कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय के शैक्षणिक ढॉचे, पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न तथा शिक्षकों से परिचय हेतु दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन अपर केजी तथा कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए वहीं दूसरे दिन लोअर केजी, प्लेवे तथा कक्षा द्वितीय के छात्रों एवं अभिभावकों के लिए निश्चित किए गए थे। नन्हे -मुन्ने छात्रों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय ने विद्यालय नन्हे - मुन्नों के सर्वांगीण विकास हेतु उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। फाउंडेशनल इंचार्ज रेखा बिष्ट ने शिक्षकों एवं पाठ्यक्रम से अभिभावकों को परिचित कराया। फाउंडेशनल कॉर्डिनेटर बिंदिया चड्ढा ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम एक्टिविटीज इंचार्ज पारुल गौर, रेखा बिष्ट एवं बिंदिया चड्ढा के दिशा निर्देशन में किया गया।

उजाला समिति द्वारा गोद ली हुई बेटियों की फीस जमा कराई

## सकारात्मक सोच से ही हम अच्छा सोच सकते हैं : डॉ. नीलम शर्मा



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** उजाला समिति द्वारा शनिवार को मुरादनगर के प्राइवेट स्कूल में माली का काम करने वाले हरेन्द्र की बेटी को पिछले वर्ष गोद लिया था। सैंथली प्राथमिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. नीतू शर्मा ने उजाला समिति चेयरमेन डॉ. नीलम शर्मा को बताया कि उसकी इनकम बहुत कम है। बच्चों की फीस और किताबों में अगर हेल्प हो जाये तो बेटी काफी अच्छी पढ़ाई कर सकती है। पढ़ने में बहुत होशियार है समिति के सभी मेंबर्स ने मिलकर बेटी को लास्ट ईयर अडॉप्ट कर लिया और अब हर वर्ष समिति बेटी की हेल्प करती है। जो बेटी बी.ए. फाइनल में आ गई है उसकी फीस जमा कराई। समिति मेंबर्स कमलेश शर्मा, सचिव अरुणिमा त्यागी, मंत्री ऋतु गुप्ता, उषा शर्मा, संगीता अरोड़ा, शलिका ने विशेष सहयोग किया।

# मानवता का आरोहण करना है तो खेल भावना को बढ़ाना होगा: स्वामी चिदानन्द सरस्वती

विकास और शान्ति के लिये अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस, खेल अर्थात जुनून, ऊर्जा और उत्साह की शक्ति



**ऋषिकेश (हिन्द आत्मा)।** आज विकास और शान्ति के लिये अन्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि मानवता का आरोहण करना है तो खेल भावना को बढ़ाना होगा। खेल, सामूहिक भावना का प्रतीक है, उसी प्रकार बेहतर भविष्य के लिये सामूहिक साधना, सामूहिक कार्य और सामूहिकता आवश्यक है। जो जीता हैं वही उसके लिये गीता है भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्द्धन पर्वत उठाते हुये यही संदेश दिया था। सामूहिकता में बहुत बल है, सामूहिक चित्त की शक्ति दुनिया में एक सकारात्मक विष्फोट कर सकती है। स्वामी जी ने कहा कि समाज में खेल भावना को बढ़ावा देने की जरूरत है। विकास और शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस हमें शारीरिक गतिविधियों के साथ सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने का संदेश भी देता है ताकि वैश्विक स्तर पर शांतिपूर्ण और समावेशी समाज का निर्माण किया जा सके। खेल की शक्ति सार्वभौमिकता का मार्ग प्रशस्त करती है; एकजुटता का संदेश देती है। स्वामी जी ने कहा कि अगर सामूहिक भावनाएँ किसी भी समाज के केंद्र में हो तो आन्तरिक के साथ आध्यत्मिक और सामाजिक विकास सम्भव है। खेल एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है, जो समाज एवं समूह के भीतर संबंधों को मजबूत करती है। यह लोगों के बीच एकजुटता एवं आपसी सम्मान स्थापित करते हुए सतत विकास एवं शांति को भी बढ़ावा देता है। खेल, किसी भी व्यक्ति के जीवन का एक अभिन्न अंग होता है। व्यक्तियों में शक्ति एवं शारीरिक फिटनेस के विकास पर इसके सकारात्मक प्रभावों के अलावा इसे एक ऐसे उपकरण के रूप में उपयोग किया जा सकता है, जो मानवाधिकारों को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। भारत में खेल हमारे जीवन का एक प्रमुख हिस्सा है क्योंकि प्राचीन समय से ही खेल हमें अनुशासन सिखाता रहा है और हमारे कार्यों में निरंतरता लाता है तथा खेल हमारी एकाग्रता के स्तर को बढ़ाता है और हमारे मस्तिष्क को सकारात्मकता से युक्त रखता है। स्वामी जी ने कहा कि खेल हमारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत ही जरुरी हैं जो व्यक्ति कोई न कोई खेल खेलता है वह स्वस्थ अवश्य रहता है। अब खेल की शक्ति से स्वयं को स्वस्थ रखने के साथ ही अपनी प्रकृति व पर्यावरण को स्वस्थ रखने का समय है। धरा स्वस्थ तो सब मस्त इसलिये आईये खेल की शक्ति को सार्वभौमिक कल्याण में लगाये और एक सतत, सुरक्षित और बेहतर जीवन की नींव हेतु योगदान प्रदान करें।

## सिविल डिफेंस ने किया नंदग्राम में मतदाता जागरूकता रैली आयोजन

हिन्द आत्मा संवाददाता





**गाजियाबाद।** जिला निर्वाचन और सिविल डिफेंस गाजियाबाद द्वारा लोकसभा क्षेत्र के कम वोटिंग वाले एरिया नंदग्राम में एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन चीफ वार्डन ललित जायसवाल और डिप्टी कंट्रोलर रविन्द्र प्रताप के नेतृत्व में शनिवार को प्रातः 8.00 किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अभिनव गोपाल आईएएस मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल ने झंडी दिखा कर रैली का शुभारम्भ किया।

मतदान जागरूकता रैली अटल चौक नंदग्राम से आरंभ होकर अंबेडकर भवन, राणा प्रताप चौक, पानी की टंकी, मदर इंडिया स्कूल, थाना नन्द ग्राम होते हुए वापिस अटल चौक पर समाप्त हुई। रैली में आम नागरिक को मतदाता जागरूकता पैंफलेट और माइक द्वारा 26 अप्रैल 2024 को अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

चीफ वार्डन ललित जायसवाल, डीओपीवीडी जे.पी. सिंह, अनिल अग्रवाल, डिविजनल वार्डन राजेंद्र शर्मा, डिप्टी डिविजनल वार्डन ऐ के ठाकुर, विमलेश, सुधीर कुमार, राजन गुप्ता, हेमंत, संजय बघेल, संध्या त्यागी, सुनील गर्ग, दिव्यांशु सिंघल आदि अनेकों सिविल डिफेंस वार्डन, पीआरडी की टीम और विशेष रूप से बाबा इंटरनेशनल स्कूल, मदर इंडिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हैप्पी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जीआईसी इंटरमीडिएट स्कूल के बच्चों द्वारा रैली को सफल बनाने में सहयोग किया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में राष्ट्रीय लोकदल ने किया चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के लिए आभार व्यक्त



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में राष्ट्रीय लोकदल महानगर गाजियाबाद द्वारा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के लिए आभार व्यक्त किया और राष्ट्रीय लोकदल की भूमिका प्रदर्शित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुशीपूर्वक अभिवादन स्वीकार किया। महानगर अध्यक्ष डा. रेखा चौधरी के नेतृत्व में लोकदल के ब्लाक में प्रदेश सचिव रविंद्र चौहान, भूपेंद्र बाबी, जयदीप सिंह, रामकुमार पंवार, गुडडु उर्फ सचिन, अरविंद तेवतिया, किशन राघव, डॉ० चंदेला, देविंद्री देवी, सुमन, सीमा, दीपक नागर, गोलू, नरेंद्र चौधरी, देवा, राजू गौतम आदि बहुत लोकदल नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी सुनीता वर्मा का हापुड़ में जोरदार स्वागत



हिन्द आत्मा/सुमत शिशोदिया

**हापुड़।** मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की ओर से समाजवादी पार्टी से टिकट लेकर लेकर आई प्रत्याशी सुनीता वर्मा का शनिवार को हापुड़ आगमन हुआ पर्चा भरने के बाद पहली बार हापुड़ आगमन पर संयुक्त गठबंधन पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात गठबंधित प्रत्याशी ने मेरठ तिराहे पर स्थित अंबेडकर प्रतिमा चौधरी चरण सिंह प्रतिमा एवं अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं पर फूल माला चढ़कर महापुरुषों का आशीर्वाद लिया। मीडिया द्वारा रातों-रात अतुल प्रधान का टिकट काटे जाने की बात पूछे जाने पर प्रत्याशी ने इसको पार्टी के शीर्ष ने तत्व का निर्णय बात कर अपना पल्ला झाड़ लिया।

वहीं दूसरी ओर भाजपा से मजबूत प्रत्याशी अरुण गोविल को लेकर सवाल पूछे जाने पर प्रत्याशी ने सीधे तौर पर बोल दिया कि समाज में समाजवादी विचारधारा के नाम पर वोट दिए जाएंगे ना की राम के नाम पर वहीं। दूसरी ओर प्रत्याशी के प्रति योगेश वर्मा ने हापुड़ आगमन पर हुई जोरदार स्वागत के लिए सभी पार्टियों के कार्यकताओं का दिल से आभार व्यक्त किया और भूत लेवल पर जाकर मजबूती से गठबंधन प्रत्याशी को चुनाव लड़ने की अपील की परिणाम चाहे कुछ भी रहे लेकिन गठबंधन की ओर से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुनीता वर्मा ने भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल को जोरदार टक्कर देने की ठान ली है।

## मोदीनगर में धूमधाम से मनाई गई भगवान महर्षि कश्यप जयंती



**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** मोदीनगर स्थित भूपेंद्र पुरी चूना भट्टी में समाज सेवी दिग्विजय कश्यप के निजी आवास पर कार्यक्रम आयोजित कर भगवान महर्षि कश्यप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ बुजुर्ग रामपाल कश्यप ने की इस जयंती में कश्यप समाज के अनेको बुद्धिजीवी मौजूद रहे। जयंती कार्यक्रम के आयोजक दिग्विजय कश्यप एवं रामपाल कश्यप ने अपने संबोधन के दौरान समाज के उत्थान और युवा पीढ़ी को सामाजिक कार्यक्रमों में अत्यधिक भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी अपने इतिहास से हमेशा जागरूक रहे। साथ ही इन्होने भगवान महर्षि कश्यप जयंती को हर साल बड़े उत्साह के साथ मानने के पर जोर दिया। कार्यकम की अध्यक्षता कर रहे रामपाल कश्यप ने भगवान महर्षि कश्यप सहित महाराज कालू बाबा के पवित्र चरित्र विवरण का विस्तार से समाज को परिचय कराया। कार्यक्रम के अंत में दिग्विजय कश्यप द्वारा मोदी नगर में महर्षि कश्यप धर्मशाला में इंटरकालेज की मांग रखी जिसका सभी ने समर्थन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामपाल कश्यप, दिग्विजय कश्यप, राजवीर कश्यप, कन्हैया लाल कश्यप, रतिपाल कश्यप, धर्मपाल कश्यप, मानसिंह कश्यप, दीपक कश्यप, शिवम कश्यप, हरिओम कश्यप, राजकुमार कश्यप, अरविंद कश्यप आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

### 'न्यायपत्र 2024'

लोकसभा चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही सभी राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने समीकरणों के साथ प्रचार अभियान में लग चुकी हैं। रैलियों और भाषणों में अनेक मुद्दों पर बात की जाती है, लेकिन किसी पार्टी का रुख इस बात से आंका जाता है कि चुनाव में जनता को अपने पक्ष में मत देने के लिए घोषणा पत्र में वह क्या वादे करती है। इस क्रम में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसे 'न्यायपत्र 2024' का नाम दिया गया है। इसमें कांग्रेस ने जनता से वादा किया है कि वह सत्ता में आने पर अलग-अलग सामाजिक वर्गों की स्थिति में सुधार के लिए नई योजनाएं लाएगी। मसलन, उसने अपने घोषणापत्र की पच्चीस गारंटियों को ठोस बताया है। हर गरीब महिला को हर वर्ष एक लाख रुपए, किसानों को कर्जमाफी के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून, मनरेगा में कम से कम मजदूरी चार सौ रुपए की गारंटी के अलावा सामाजिक-आर्थिक समानता के लिए जाति आधारित जनगणना कराने जैसे कई वादे किए गए हैं।

इसमें एक तरह से भाजपा की ओर से जारी एक नारे 'मोदी की गारंटी' का जवाब देने की कोशिश है कि अगर मतदाता केंद्र में कांग्रेस को सरकार बनाने का मौका देते हैं, तो वह अपने घोषणापत्र में दर्ज जनता के कल्याण कार्यक्रमों को 'गारंटी' के स्तर पर लागू करेगी। यह छिपा नहीं है कि चुनाव आने पर राजनीतिक पार्टियों और उनके नेताओं की ओर से कितने बड़े-बड़े और कैसे वादे किए जाते हैं। पिछले कुछ समय से तो लोगों को कोई सामान, उपहार या सुविधा मुफ्त में मुहैया कराने के वादे करके वोट मांगने का चलन हावी होता दिख रहा है। सवाल है कि आखिर ऐसा क्या हो जाता है कि किन्हीं हालात में अगर उन्हें सरकार बनाने का मौका मिल जाता है तो उसके बाद वे या तो उन वादों को भूल जाते हैं या फिर उन्हें पूरा करने को लेकर वे अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं समझते। जबकि जनता आमतौर पर राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की ओर से अपने भाषणों में दिए गए भरोसे, घोषणापत्र में दर्ज वादों के आधार पर किसी पार्टी को अपना समर्थन देकर सत्ता में पहुंचाती है और उसके बाद अपने लिए किसी कल्याण कार्यक्रम का इंतजार करती रह जाती है।

अव्वल तो जनता को ऐसे वादों के प्रति जवाब मांगने का मौका नहीं मिल पाता, क्योंकि चुने जाने के बाद बहुत कम जनप्रतिनिधि जनता के बीच अपनी मौजूदगी बनाए रखते हैं। दूसरे, अगले चुनाव तक फिर से राजनीतिक दलों के वादों का एक नया संजाल खड़ा हो चुका होता है। वादे करके उसे पूरा नहीं करने को लेकर सवाल भी उठते रहे हैं। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने काफी पहले चुनाव लड़ने वाले दलों और उम्मीदवारों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने और चुनाव प्रक्रिया की शुचिता खराब न होने देने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश जारी करने को कह चुका है। निर्वाचन आयोग ने भी यह स्पष्ट कर रखा है कि राजनीतिक दलों को ऐसे वादे करने से बचना चाहिए, जिनसे चुनाव प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हो या मतदाताओं पर उनके मताधिकार का प्रयोग करने में अनुचित प्रभाव पड़ने की संभावना हो। ऐसे में स्वाभाविक ही यह सवाल उठता है कि इस आम चुनाव के मद्देनजर अपने-अपने घोषणा पत्रों में किए गए वादों को पूरा करने को लेकर कांग्रेस या अन्य सभी पार्टियां कितनी गंभीर और जिम्मेदार होंगी!

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक अशोक कौशिक द्वारा फाल्गुन बुक्स एंड प्रिन्टर्स, ए-1/185 स्वदेशी कॉम्पलैक्स, कविनगर इंडस्ट्रीयल एरिया, गाजियाबाद- 201001 से छपवाकर 308 अंसल सुमैधा बिल्डिंग, आर.डी.सी. राजनगर गाजियाबाद से प्रकाशित।

| | | |
|---|---|---|
| सम्पादक | : | अशोक कौशिक |
| समाचार सम्पादक | : | राकेश शर्मा |
| कानूनी सलाहकार | : | राजकुमार शर्मा, प्रदीप त्यागी, विकास त्यागी |
| मो. | : | 9810149213 |
| फोन | : | 0120-4113213 |
| E-mail | : | hindatma@gmail.com |

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा।




# बढ़ती बीमारियों के बीच स्वास्थ्य-क्रांति की अपेक्षा

"डब्ल्यूएचओ के मुताबिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ स्वस्थ खाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि कैसे दुनिया एक साथ आकर सभी को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है। चिकित्सा के क्षेत्र में नए खोज, नई दवाओं और नए टीकों को बनाने के साथ ही स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना भी विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्राथमिकता है। सन 1948 में, दुनिया के तमाम देशों ने एक साथ मिलकर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, दुनिया को सुरक्षित रखने और कमजोर लोगों की सेवा करने के लिए डब्ल्यूएचओ की स्थापना की, ताकि हर व्यक्ति हर जगह स्वस्थ्य रहे और उच्चतम स्तर की मदद प्राप्त कर सके। इसके दो साल बाद 1950 में पहला विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को मनाया गया"

**ललित गर्ग**



हर वर्ष दुनिया के लोगों की उन्नत स्वास्थ्य की अपेक्षा के साथ 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाता है। दुनिया भर में लोगों को प्रभावित करने वाले एक विशिष्ट स्वास्थ्य मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाना इसका ध्येय है। यह सामूहिक कार्रवाई, शिक्षा और सभी के लिए स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने का दिन है। 2024 की थीम-'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ स्वस्थ खाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि कैसे दुनिया एक साथ आकर सभी को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है। चिकित्सा के क्षेत्र में नए खोज, नई दवाओं और नए टीकों को बनाने के साथ ही स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना भी विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्राथमिकता है। सन-1948 में, दुनिया के तमाम देशों ने एक साथ मिलकर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, दुनिया को सुरक्षित रखने और कमजोर लोगों की सेवा करने के लिए डब्ल्यूएचओ की स्थापना की, ताकि हर व्यक्ति हर जगह स्वस्थ्य रहे और उच्चतम स्तर की मदद प्राप्त कर सके। इसके दो साल बाद 1950 में पहला विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को मनाया गया। इस बार का विषय इस सोच को दशार्ता है कि स्वास्थ्य एक बुनियादी मानव अधिकार है और हर किसी को बिना किसी वित्तीय कठिनाइयों के जब और जहां इसकी आवश्यकता हो, उसे स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। दुनिया की बड़ी चिन्ताओं में स्वास्थ्य प्रमुख है। सभी देशों में स्वास्थ्य की स्थिति सोचनीय एवं परेशान करने वाली है। वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक क्रांति, बढ़ती आबादी, शहरीकरण तथा आधुनिक जीवन के तनावपूर्ण वातावरण के कारण शारीरिक एवं मानसिक रोगों में भारी वृद्धि हुई है। यह किसी एक राष्ट्र के लिये नहीं, समूची दुनिया के लिये चिन्ता का विषय है। अस्वास्थ्य वर्तमान युग की एक व्यापक समस्या है। चारों ओर बीमारियों का दुर्भेध घेरा है। निरन्तर बढ़ती हुई बीमारियों को रोकने के लिये नई-नई चिकित्सा पद्धतियां असफल हो रही है। जैसे-जैसे विज्ञान रोग-प्रतिरोधक औषधियों का निर्माण करता है, वैसे-वैसे बीमारियां नये रूप, नये नाम और नये परिवेश में प्रस्तुत हो रही है। 2021 में दुनिया की आधी आबादी से अधिक, 4.5 बिलियन से अधिक लोगों के पास आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पर्याप्त पहुंच नहीं थी। दो अरब लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं क्योंकि उनके पास विभिन्न रोगों के उपचार पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं। दुनिया भर में लगभग 930 मिलियन लोगों को अपने घरेलू बजट का 10 प्रतिशत या उससे अधिक स्वास्थ्य पर खर्च करना पड़ रहा है, जिससे उनकी वित्तीय हालत और खराब हो रही है। विश्व स्वास्थ्य दिवस स्थान, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना स्वास्थ्य के अधिकार को मौलिक मानव अधिकार के रूप में उजागर करता है। यह एक ऐसी दुनिया की वकालत करता है जहां केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही नहीं, बल्कि सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्राप्त हो। यह दिवस केवल जागरूकता बढ़ाने के बारे में नहीं है; यह परिवर्तन का उत्प्रेरक है, यह स्वास्थ्य-क्रांति का शंखनाद है। यह व्यक्तियों को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करता है, सरकारों को स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और संसाधनों में निवेश करने के लिए प्रेरित करता है, और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में लगातार सुधार करने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन सीमाओं और सांस्कृतिक विभाजनों से परे है। यह दुनिया भर के लोगों को एक समान लक्ष्य में एकजुट करता है, एक ऐसी दुनिया जहां हर कोई अच्छे स्वास्थ्य के साथ पनप सके। यह प्रभावी, सुरक्षित, सस्ती और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर जोर देता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस विश्व क्षय रोग दिवस, विश्व टीकाकरण सप्ताह, विश्व मलेरिया दिवस, विश्व तंबाकू निषेध दिवस, विश्व एड्स दिवस, विश्व रक्तदाता दिवस, विश्व चगास रोग दिवस, विश्व रोगी दिवस के साथ डब्ल्यूएचओ द्वारा चिह्नित 11 आधिकारिक वैश्विक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है। इस साल डब्ल्यूएचओ अपनी 75वीं वर्षगांठ भी मना रहा है, इसलिए इस दिन को खास बनाने के लिए, डब्ल्यूएचओ उन सार्वजनिक स्वास्थ्य सफलताओं को भी देखेगा, जिन्होंने पिछले साढे सात दशकों के दौरान जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस स्थान, सामाजिक आर्थिक स्थिति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना स्वास्थ्य के अधिकार को मौलिक मानव अधिकार के रूप में उजागर करता है। यह एक ऐसी दुनिया की वकालत करता है जहां केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही नहीं, बल्कि सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्राप्त हो। यह दिवस स्वास्थ्य देखभाल और बीमारी की रोकथाम में प्रगति को स्वीकार करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सफल रणनीतियों और नवाचारों को उजागर करना वैश्विक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए आगे की सफलताओं और प्रतिबद्धता को प्रेरित कर सकता है। भारत की स्वास्थ्य स्थितियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुधर रही है, लेकिन इस सुधार में तीव्रता की अपेक्षा है। डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी डेटा ने भारत में एक और बढ़ते स्वास्थ्य संकट पर प्रकाश डाला है और यह है मोटापा और एनीमिया। रिपोर्ट के अनुसार, अब पुरुषों की तुलना में दोगुनी संख्या में महिलाएं एनीमिया से प्रभावित हो रही हैं। वहीं मोटापे के मामले में आंकड़ों पर नजर डालें तो महिलाओं में मोटापा 2015-16 में 21 प्रतिशत से बढ़कर 2019-20 में 24 प्रतिशत हो गया है। इनके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि गुजरात, महाराष्ट्र सहित भारत के प्रमुख राज्यों में बच्चों में भी मोटापे में वृद्धि देखी जा रही है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या-।।। एफ/276, नेहरूनगर, गाजियाबाद का आवंटन श्री एस.एस. मजूमदार पुत्र श्री ए.वी. मजूमदार के पक्ष में किया गया है, आवंटी द्वारा प्रश्नगत भवन की बाबत नियुक्त मुख्यारेआम श्री शशि मोहन सैनी पुत्र श्री राजेन्द्र पाल सैनी के माध्यम से भवन का पटटा विलेख दिनांक 04.10. 2002 को निष्पादित कराये जाने के उपरान्त मुख्यारेआम द्वारा भवन का विक्रय पत्र श्रीमती सुरभि जैन पुत्री श्री शशी माहन सैनी पत्नी श्री सुकान्त जैन के पक्ष में दिनांक 17.12.2015 को निष्पादित कराया गया है। क्रेता श्रीमती सुरभि जैन पुत्री श्री शशी माहन सैनी पत्नी श्री सुकान्त जैन द्वारा विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना की गयी है। नाम दर्ज के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करा दें। अन्यथा भवन के अभिलेखों में आवंटी श्री एस.एस. मजूमदार पुत्र श्री ए.वी. मजूमदार के स्थान पर क्रेता श्रीमती सुरभि जैन पुत्री श्री शशी माहन सैनी पत्नी श्री सुकान्त जैन का नाम दर्ज कर लिया जायेगा। तदोपरान्त कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सहायक प्रभारी सम्पत्ति**
**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या- एन.के.-1/377बी, ई.डब्लू.एस. इन्दिरापुरम, गाजियाबाद का आवंटन प्राधिकरण से श्री अशोक कुमार पुत्र श्री केशो लाल को हुआ है। इनके द्वारा श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र श्री बीर सिंह को दिनांक 31.07.2000 को मुख्यारेआम पंजीकृत किया गया। मुख्यारेआम के आधार पर मूल आवंटी के पक्ष में दिनांक 19.02.2016 को लीजडीड निष्पादित करायी गयी। मुख्यारेआम श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी श्री ललित सिंह बिष्ट को दिनांक 08.12.2023 को कर दिया गया। अब श्रीमती सरस्वती देवी उक्त भवन के अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराना चाहती है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में श्री अशोक कुमार पुत्र श्री केशो लाल के स्थान पर श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी श्री ललित सिंह बिष्ट का नाम दर्ज कर लिया जायेगा।

**सहायक प्रभारी सम्पत्ति**
**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या- एन.के.-1/378बी, ई.डब्लू.एस. इन्दिरापुरम, गाजियाबाद का आवंटन प्राधिकरण से श्री विजय कुमार तिवारी पुत्र श्री राम कृपाल तिवारी को हुआ है। इनके द्वारा श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र श्री बीर सिंह को दिनांक 31.07.2000 को मुख्यारेआम पंजीकृत किया गया। मुख्यारेआम के आधार पर मूल आवंटी के पक्ष में दिनांक 17.08.2015 को लीजडीड निष्पादित करायी गयी। मुख्यारेआम श्री नरन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री गौरव सिंह बिष्ट पुत्र श्री ललित सिंह बिष्ट को दिनांक 08.12.2023 को कर दिया गया। अब श्री गौरव सिंह बिष्ट उक्त भवन के अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में श्र विजय कुमार तिवारी पुत्र श्री राम कृपाल तिवारी के स्थान पर श्री गौरव सिंह बिष्ट पुत्र श्री ललित सिंह बिष्ट का नाम दर्ज कर लिया जायेगा।

**सहायक प्रभारी सम्पत्ति**
**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सं0-02, 03 व 04/2024-25/जोन-3/मं0-2/गा०बादः-कार्यालयो में लगे विभागीय लेजर प्रिन्टर वं स्कैनर टोनर रिफलिंग तथा एन्टी वायरस सॉफ्टवेयर की ए०एम०सी/रखरखाव का कार्य एक वर्ष हेतु उक्त ई-निविदा वैब पोर्टल https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है, ई-निविदा भरने की अवधि 10.04.2024 सांय 6:00 बजे से 29.04.2024 सायं 15:00 बजे। खुलने की तिथि / समय 30.04.2024 दोपहर 12:00 बजे से। निविदा में किसी भी शुद्धिकरण के लिए उपरोक्त वेवसाईट देखें। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-द्वितीय (ट्रासं हिन्डन), पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 33/11 के0वी0 उपसंस्थान-काला पत्थर इन्दिरापुरम, गाजियाबाद।

पत्रांकः 471/वि०न०वि०म०-द्वि/गा0बाद दिनांकः 06/04/2024

**'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'**

# काले धन के समतुल्य हैं इलेक्टोरल बॉण्ड

**वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली**

जब चुनावी फंडिंग की चुनावी बॉण्ड योजना आई थी, तो संसदीय परम्परा के विशेषज्ञ सुभाष कश्यप का विचार था कि राजनैतिक दल चुनावों में कालेधन का भारी उपयोग करते हैं। राजनैतिक दलों को इन बॉण्डों को देने वालों का नाम जाहिर करना बाध्यकारी नहीं है, अतः पारदर्शिता का अभाव तो रहेगा ही। जिनका गैर-कानूनी काम किया गया है वे भी तो नेताओं के कहने पर उनके दलों को बॉण्ड दे सकते हैं। चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक करार कर उनसे राजनैतिक दलों को चुनाव फंडिंग न किये जाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह संज्ञान में रहना चाहिये कि कम-से-कम मान्य चुनावी प्रक्रियाओं के संदर्भ में चुनावी बॉण्ड से मिला धन शुचिता वाला धन न होकर काले धन के समतुल्य ही था। दुखद यह रहा कि जब प्रजातांत्रिक चुनावों में काले धन का वर्चस्व हर बीतते चुनावों के साथ बढ़ता ही जा रहा था, चुनावी बॉण्ड की गुमनामी धनराशि भी उसी रूप में इसमें मददगार भी हो रही थी। जब ये ऐन चुनावों के पहले जारी होते थे, तब तो खासकर इनसे पाये करोड़ों रुपयों से राजनैतिक दलों को चुनाव लड़ने में आसानी होती थी। लगभग पांच साल देरी से आये इस निर्णय से पहले चुनावों में गैर-बराबरी जारी थी। इससे कई दलीय उम्मीदवारों की हार-जीत पर असर भी पड़ा होगा।

जब चुनावी फंडिंग की चुनावी बॉण्ड योजना आई थी, तो संसदीय परम्परा के विशेषज्ञ सुभाष कश्यप का विचार था कि राजनैतिक दल चुनावों में कालेधन का भारी उपयोग करते हैं। राजनैतिक दलों को इन बॉण्डों को देने वालों का नाम जाहिर करना बाध्यकारी नहीं है, अतः पारदर्शिता का अभाव तो रहेगा ही। जिनका गैर-कानूनी काम किया गया है वे भी तो नेताओं के कहने पर उनके दलों को बॉण्ड दे सकते हैं। फर्जी कम्पनियों के माध्यम से राजनैतिक बॉण्ड खरीदकर राजनैतिक आकाओं के दलों को उपकृत करने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। ऐसा धन राजनैतिक इस्तेमाल के लिए शुचिता वाला धन कैसे हुआ? अक्टूबर 2023 में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी का बयान था कि इलेक्टोरल बॉण्ड के पहले जो कुछ पारदर्शिता थी वह भी खत्म हो गई। पहले राजनैतिक दलों को बीस हजार रुपये और उससे ज्यादा धन देने वालों की सूची चुनाव आयोग के पास होती थी। वह उनको सार्वजनिक भी करता था, परन्तु इलेक्टोरल बॉण्ड जारी होने के बाद यह अनिवार्यता और पारदर्शिता भी नहीं रही।

समाचारों में ही था कि नवम्बर 2023 में जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे वहां जब्त राशि पिछले विधानसभा चुनावों के मुकाबले सात गुना ज्यादा थी। यदि सालों के अंतराल के बाद 31 अक्टूबर 2023 से चुनावी बॉण्ड की वैधता पर पुनः शुरू हुई सुनवाई पूरी होने के बाद भी उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ ने अपना निर्णय 2 नवम्बर 2023 को सुरक्षित न रखा होता तो शायद नवम्बर 2023 के विधानसभा चुनावों के पहले चुनावी बॉण्ड जारी भी न होते। स्टेट बैंक औफ इण्डिया की 29 शाखाओं से 29वीं बार 6 नवम्बर से 20 नवम्बर 2023 के दौरान चुनावी बॉण्डों की बिक्री, खरीदारी हुई थी। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में जो 2 नवम्बर के काफी बाद हुए थे, कुछ राजनैतिक दलों को चुनावी बॉण्ड का फायदा मिल ही गया। पहली बार चुनावी बॉण्ड मार्च 2018 में बिके थे। इसके बाद वे विभिन्न सालों में विभिन्न अवधियों में बिकते रहे। अप्रैल 2021 में भी गैर-सरकारी संस्था एडीआर (एसोसियेशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स) ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में तब कुछ राज्यों में होने वाले विधान सभा के चुनावों के पूरे होने तक इलेक्टोरल बॉण्ड की बिक्रियों पर रोक लगाने की मांग की थी, किन्तु बेंच ने उसे खारिज कर दिया। केन्द्र ने एक अप्रैल 2021 से 10 अप्रैल 2021 तक बॉण्ड जारी भी किये थे। तब याचिकाकर्ता संस्था एडीआर का कहना था कि गैर-कानूनी और अवैध धन की मुखौटा कम्पनियों के माध्यम से फंडिग की और ज्यादा होने की संभावनायें बढ़ जायेगी। दो नवम्बर 2023 को चुनावी बॉण्डों की वैधता पर अपने निर्णय को सुरक्षित रखने के पहले अदालत ने ये टिप्पणी भी की थी कि सरकार की यह दलील मानना मुश्किल है कि मतदाताओं को राजनैतिक चंदों का स्त्रोत जानने का अधिकार नहीं है।

# आईटीएस डेन्टल कॉलेज में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

## कार्यक्रम में 138 छात्र-छात्राएं उपाधि से हुए सम्मानित

**सर्वमित्रा सुरजन**








**गाजियााबद।** आईटीएस डेन्टल कॉलेज गाजियाबाद में 6 अप्रैल को बीडीएस के 19वें बैच एवं एमडीएस के 15वें बैच के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि अंजू गुप्ता पूर्व डीजी-यूपी पुलिस, नई दिल्ली, एवं विशिष्ट अतिथि डॉ एस.के. काक, पूर्व वाईस चांसलर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ एवं पूर्व वाईस चांसलर महामाया टेक्निकल विश्वविद्यालय, नोएडा आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। दीक्षांत समारोह में 138 बीडीएस एवं एमडीएस विद्यार्थियों को उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के सेक्रेट्री भूषण कुमार अरोड़ा और डायरेक्टर-पीआर सुरिन्द्र सूद भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरूआत डायरेक्टर-पीआर सुरिन्द्र सूद द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई। डॉ सोनाली तनेजा डीन-पीजी स्टडीज एंड क्लीनिक्स, प्रोफेसर एंड एचओडी, कंजरवेटिव एंड एंडोडोंटिक्स विभाग द्वारा सभी छात्रों को शपथ ग्रहण कराई गई।संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ देवी चरण शेट्टी ने अपनी कॉलेज रिपोर्ट में संस्थान के विभिन्न दंत विभागों की मुख्य विशेषताओं और नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया। डॉ शेट्टी ने संस्थान द्वारा सभी नवीनतम सुविधाएं और बेहतर उपकरण प्रदान करने के लिए आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का आभार प्रकट किया। उन्होंने सभी छात्रों की वार्षिक एकेडमिक अवार्ड एवं उनकी उपलब्धियों की घोषणा की। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने इस अवसर पर सभी छात्रों एवं उनके माता-पिता को बधाई दी। उन्होंने बताया कि संस्थान को लगातार तीसरी बार नैक (एन.ए.ए.सी) से ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इंडिया टुडे एवं द-वीक सर्वे के अनुसार आईटीएस डेन्टल कालेज को नॉर्थ इंडिया के बेस्ट प्राइवेट कॉलेज में पिछले 5 साल से प्रथम स्थान पाया है। विशिष्ट अतिथि गेस्ट अंजू गुप्ता, (आईपीएस सेवानिवृत्त) ने संस्थान द्वारा निरंतर समाज में रहने वाले गरीब व्यक्तियों को न्यूनतम शुल्क पर उच्च गुणवत्ता वाले दंत चिकित्सा उपचार प्रदान करने हेतु सराहना की। अंजू ने कहा कि यह सभी सुविधाएं संस्थान के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के शैक्षणिक गतिविधियों की रुचि के कारण है। अतः आईटीएस कॉलेज देश के सर्वश्रेष्ठ डेन्टल कॉलेजों मे अपना प्रथम स्थान रखता है। वह अत्याधुनिक मोबाईल डेन्टल क्लीनिक से बहुत प्रभावित थे क्योंकि उसके प्रयोग से दूर दराज के गाँवों में रोगियों के लिये उपचार की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। दूसरे विशिष्ट अतिथि डॉ एस.के. काक ने विद्यार्थियों को कॉलेज में विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए संस्थान के प्रयासो की सराहना की। जिसमें सीबीसीटी, औरोफेशियल पैन क्लीनिक, इम्प्लांट सेंटर, लेजर एण्ड फेशियल एस्थेटिक/ग्लो एंड ग्रो क्लीनिक तथा कैड-कैम मशीन सम्मिलित है। जिसके द्वारा दंत चिकित्सकों को उच्चस्तरीय एवं बेहतर उपचार करने में मदद मिलती है। वे गरीब रोगियों को मुहैया की जा रही कैंसर सर्जरी, डायलिसिस यूनिट, शल्य चिकित्सा को देखकर बेहद प्रभावित हुए। डॉ. आर पी चड्ढा, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, विशिष्ट अतिथि अंजू गुप्ता एवं डॉ एस.के. काक एवं डॉ देवी चरण शेट्टी के द्वारा सभी बीडीएस एवं एमडीएस छात्रों को उपाधि प्रदान की गयी। उन्होंने बीडीएस के सर्वोत्तम विद्यार्थियो को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में डॉ अनमोल जैन बेस्ट आउट गोइंग स्टूडेंट (एकेडमिक), डॉ विभूति शुक्ला बेस्ट आउट गोइंग स्टूडेंट (साइंटिफिक एंड रिसर्च एक्टिविटीज ), डॉ हैंगलेनहाओ हाओकिप - बेस्ट आउट गोइंग स्टूडेंट (स्पोर्ट्स एक्टिविटीज), डॉ गीत कुमार बेस्ट आउट गोइंग स्टूडेन्ट (आईटीएस-सीडीएसआर एक्टीविटीज), डॉ प्रियांशी अग्रवाल एवं प्रियांशा यादव बेस्ट आउट गोइंग स्टूडेंट (को-करीकुलर एंड कल्चरल एक्टिविटीज ) शामिल रहे। उन्होंने एमडीएस के सर्वोत्तम विद्यार्थियो को भी सम्मानित किया। डॉ सौम्या राजदेय 5वां स्थान विश्वविद्यालय में और प्रथम स्थान महाविद्यालय में, डॉ जेसिका रॉय -7वां स्थान विश्वविद्यालय में और द्वितीय स्थान महाविद्यालय में, डॉ इप्सिता यादव 8वां स्थान विश्वविद्यालय में और तृतीय स्थान महाविद्यालय में, डॉ वेदिका तलवार 9वां स्थान विश्वविद्यालय में और चतुर्थ स्थान महाविद्यालय में, डॉ अक्षी 5वां स्थान महाविद्यालय में, डॉ सृष्टी चौधरी टॉपर इन डिपार्टमेंट ऑफ पीरियडोनटोलॉजी, डॉ प्रियंका टॉपर इन डिपार्टमेंट ऑफ पीडियाट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेन्टिस्ट्री, डॉ हिमानी ग्रोवर टॉपर इन डिपार्टमेंट ऑफ ओरल पैथोलॉजी, डॉ गौरी बारगोटी - टोपर इन डिपार्टमेंट ऑफ ओरल सर्जरी शामिल रहे। इसके अलावा डॉ निकिता एवं डॉ मौसम बीडीएस एवं डॉ वेदिका तलवार एमडीएस की छात्र-छात्राओं ने उच्च कोटि की शिक्षा तथा सभी आधुनिक सुविधाओं के लिए संस्थान को धन्यवाद किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संत आशीर्वाद समारोह में भाग लेकर संतों का आशीर्वाद लिया

# संतों का आशीर्वाद हमेशा प्रधानमंत्री के साथ है : श्रीमहंत हरि गिरि महाराज

**हरिद्वार।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को संत आशीर्वाद समारोह में भाग लेकर संतों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने संतों से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत समेत सभी भाजपा प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद देकर उन्हें विजयी बनाने व नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील भी की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सबसे पहले हरिद्वार के प्रसिद्ध माया देवी मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज ने उन्हें पूजा-अर्चना कराई। उन्होंने भैरव मंदिर में बाबा भैरव का आशीर्वाद भी लिया। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज की अध्यक्षता में हवन का आयोजन भी





किया गया। संत आशीर्वाद समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कुछ लोग जो कभी मंदिर नहीं जाते हैं, वे चुनाव के समय मंदिरों के दर्शन करते हैं। जनेऊ पहन करके दिखाते हैं, जबकि उन्हें यह तक पता नहीं होता है कि जनेऊ कैसे पहनी जाती है। आरती करते समय आरती कैसे घुमाई जाती है, मगर साधु संतों की सात्विक शक्तियां हमेशा मोदी जी के साथ रहती हैं तथा उन्हें आधिक ताकत देने यशस्वी बनाने का काम करती हैं। आज पूरे विश्व में सनातन धर्म की पताका फहर रही है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही है। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि संतों का आशीर्वाद हमेशा प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के साथ है। उन्होंने अयोध्या में 500 वर्ष बाद रामलला को विराजमान कर सनातन धर्म को पुर्नस्थापित करने का कार्य किया है। निरंजनी अखाड़े के सचिव व अखाड़ा परिषद का अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य राम मंदिर की स्थापना कर उसमें रामलला को विराजमान कर पूरे विश्व में सनातन धर्म को फैलाने का काम यदि किसी ने किया है, तो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। इसी कारण संतों का आशीर्वाद हमेशा उनके साथ रहेगा। संतों के आशीर्वाद से वे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। महानिवार्णी अखाड़े के सचिव रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व को भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म से जगमगा दिया है। संतों का आशीर्वाद सदैव उनके साथ रहेगा। श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हमें नरेंद्र मोदी जैसे संत प्रधानमंत्री के रूप में मिले हैं। नरेंद्र मोदी संतों के बताए मार्ग पर ही चलते देश को नई बुलंदी तक ले आए हैं। अयोध्या में 500 वर्ष के बाद रामलला को विराजमान कर उन्होंने ना सिर्फ सनातन हिंदू धर्म को मजबूत करने का कार्य किया, बल्कि रामराज्य का जो सपना हम हजारों वर्षो से देखते आ रहे हैं, उसे पूरा करने की दिशा में भी तेजी से कदम आगे बढा दिया है। रामराज्य का सपना जल्द से जल्द पूरा हो, इसके लिए देश के सभी संतों का आशीर्वाद नरेंद्र मोदी के साथ रहेगा जो उन्हें लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगा।

भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से उत्तराखंड समेत पूरे देश में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी और नरेंद्र मोदी पुनः देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के नेतृत्व में संतों ने अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार जैसे नारे भी लगाए। पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, पूर्व सचिव देवानंद सरस्वती महाराज, सचिव महंत महेश पुरी महाराज, चेतन ज्योति विश्वेरानंद गिरि महाराज, महामंडलेश्वर प्रभुनानंद गिरि महराज आदि भी मौजूद रहे।



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** हिंडन मेट्रो स्टेशन पर स्थित भगवान महर्षि कश्यप जी की जयंती के अवसर पर भगवान महर्षि कश्यप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सुदेश कश्यप, ललित कश्यप, अनुज कश्यप, अनुज राघव, गजेंद्र कौशिक, सुखवीर कश्यप, छोटे लाल, मेहंद्र, राहुल कश्यप, भूपेन्द्र कश्यप आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

# 10 अप्रैल को प्रातः10 बजे से 11 कुंडिय मां बगलामुखी महायज्ञ का होगा आयोजन

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** भारतीय सनातन सेवा संस्थान द्वारा आयोजित मां बगलामुखी महायज्ञ को लेकर आयोजन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष पं. राजेश शर्मा ने बताया भारतीय हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2081 के शुभ आगमन पर भारतीय सनातन सेवा संस्थान द्वारा दिनांक 10 अप्रैल प्रातः 10 बजे से 11 लाख आहुति के साथ 11 कुंडिय मां बगलामुखी महायज्ञ का आयोजन महामंडलेश्वर मां अन्नपूर्णा भारती जी के सानिध्य में प्रताप विहार एसडी रॉयल में किया जाएगा। जिसको लेकर आयोजन समिति के सभी भाई बहनों के द्वारा एक बैठक का आयोजन मुख्य यजमान सतबीर बेसोया एवं अमित कुमार शर्मा प्रबंधक सरस्वती शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की अध्यक्षता में एस.डी. रॉयल प्रताप विहार में किया गया। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहे नरेंद्र भारद्वाज, धर्मपाल सिंह, ललित शर्मा, अशोक शर्मा, रवि यादव, सविता यादव, निभा श्रीवास्तव, उषा देवी, मनीष शर्मा, हेमा डिमरी, आशा गोस्वामी, सुलोचना त्यागी, रेखा नेगी आदि।





# एक्सप्रेस डेंटल क्लिनिक में सुलभ और सस्ते दामों में उपलब्ध कराया जाएगा दांतों का इलाज

हिन्द आत्मा संवाददाता




**मोदीनगर।** निवाड़ी रोड स्थित डीजे डेंटल कॉलेज में दांतों का इलाज कराना अब आम आदमी की जेब पर भारी नहीं पड़ेगा। अब एक ही छत के नीचे दांतों में होने वाली ज्यादातर बीमारियों का इलाज आसानी से सस्ते दामों में हो सकेगा उपलब्ध।

शुक्रवार को डीजे डेंटल कॉलेज के प्रैक्टिशनर डॉक्टर देवांशु चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले काफी समय से डीजे डेंटल कॉलेज में मरीज के लिए सुबह 9 बजे से 3 बजे तक बेहद कम खर्चे में दांतों का इलाज मुहैया कराया जाता रहा है। डॉक्टर देवांशु चौधरी ने कहा लेकिन अब 3 बजे से शाम 6 बजे तक के समय में भी मरीज चिकित्सा व्यवस्था का लाभ उठा सकेंगे जिसके लिए डीजे डेंटल कॉलेज में एक्सप्रेस डेंटल क्लिनिक का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसमें दांतों से संबंधित बीमारियों जैसे पायरिया, आरसीटी, फिक्स दांत लगाना, दांतों का कैप, दांतों में मसाला भरना, दांत निकालना, जबड़ा लगाना, अकक्ल दाढ़ की सर्जरी और इंम्प्लांट आदि का इलाज भी आसानी से कम खर्च में कराया जा सकेगा।

# चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का आरोप बेबुनियाद है: दयानंद बंसल

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** बीजेपी मंडल अध्यक्ष गांधीनगर दयानंद बंसल गाजियाबाद की गुलमोहर सोसाइटी के अंदर अपनी डेयरी शॉप है, जहां भारतीय जनता पार्टी के कुछ कार्यकर्ता 6 अप्रैल को गाजियाबाद में प्रधान मंत्री मोदी के रोड शो को सफल बनाने हेतु चर्चा कर रहे थे। इस संदर्भ में आरोपी दयानंद बंसल का कहना है की वह भारतीय जनता पार्टी के एक जिम्मेदार कार्यकर्ता और एक जिम्मेदार नागरिक भी है। इसलिए ऐसा कोई भी कार्य नहीं करेंगे जिससे पार्टी की छवि खराब हो और कानून का उल्लंघन हो। अतः स्थानीय निवासी गौरव बंसल का चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का आरोप बेबुनियाद है। स्थानीय निवासी द्वारा दयानंद बंसल पर आरोप है कि वे अपनी डेयरी की दुकान पर लोगों को बुलाकर मीटिंग करते हैं। इस बात की शिकायत उन्होंने आरडब्ल्यूए के कार्यालय और मुख्यमंत्री के पोर्टल पर



भी की है। जबकि दयानंद बंसल ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि वे अपनी दुकान पर अपने कुछ भाजपा सदस्यों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के 6 अप्रैल को गाजियाबाद में होने वाले रोड शो को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श कर रहे थे। दयानंद का कहना है कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन का बेबुनियाद आरोप आपसी मतभेद एवं द्वेष से लगाया गया है। शिकायत कर्ता इससे पूर्व भी इस तरह का आरोप लगाते रहे हैं, जिसका सत्य से कोई लेना देना नहीं है।

# जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान द्वारा ग्रांट थॉर्न्टन संग कौशल वृद्धि प्रमाणपत्र कार्यक्रम का किया आयोजन

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान ने ग्रांट थॉर्न्टन के साथ मिलकर 1 से 5 अप्रैल तक सभी क्षेत्रों में प्रत्येक विषय में 40 घंटे का एक महत्वपूर्ण कौशल वृद्धि प्रमाणपत्र प्रोग्राम का आयोजन किया है। कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों में आधुनिक उद्योग जगत के लिए आवश्यक समसामयिक क्षमताओं का विस्तार करने के उद्देश्य से किया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न विषयों एडवांस्ड मार्केटिंग एनालिटिक्स, प्रोजेक्ट प्रबंधन और डिजाइन, मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली, सप्लाई चेन 5.0 और वित्तीय मॉडेलिंग और मूल्यांकन शामिल किए गए। इस कार्यशाला में संस्थान के तीन सौ से भी अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। यह कोर्स उन लोगों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है जो अपने करियर को विभिन्न क्षेत्रों में अग्रसर करने के लिए तैयार हैं। इसमें सम्मिलित किए गए



अंतिम प्रोजेक्ट्स और केस स्टडीज नए उद्योग या कंपनी में काम करने की तैयारी करने में मदद करेंगे। छात्रों ने अनुभवी विषय विशेषज्ञों के सानिध्य में विषय संबंधित तकनीकी बारीकियों का अध्ययन किया। पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन 5 अप्रैल को किया गया।कार्यशाला में संस्थान के निदेशक डा. भूपेंद्र कुमार सोम ने सभी विशेषज्ञों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान और ग्रांट थॉर्न्टन के इस साझा प्रयास को संस्थान के सीईओ स्वदेश सिंह ने सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए आभार व्यक्त किया। संस्थान के चेयरमैन राजेश गुप्ता एवं वाइस चेयरमैन गौरव गुप्ता ने इस प्रोग्राम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं व छात्रों को सशक्त बनाने में सहायक बनाने वाले ऐसी कदमों के लिए सभी प्राध्यापकों की प्रशंसा की।

# लोकसभा चुनाव की दलित प्रत्याशी बहन मोनिका गौतम का नामांकन खारिज किया, उन्होंने जिला चुनाव अधिकारी पर गलत निर्णय का लगाया आरोप

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में जिला चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रत्याशियों के नामांकन खारिज करने के आप सामने आ रहे हैं। इस मामले में 5 अप्रैल, शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी की ओर से गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) लोकसभा चुनाव प्रत्याशी, दलित समाज की युवा बेटी-बहन मोनिका गौतम के नामांकन को जिला चुनाव अधिकारी ने नामांकन को खारिज कर दिया है। मोनिका ने बताया कि नामांकन जमा करते समय अधिकारी ने सभी कागजात को देखा और संतुष्टि व्यक्त की। बाद में कुछ कागज मांगे गए थे जिसे समय पर जमा कर दिया गया था और जिला चुनाव अधिकारी के कार्यालय से नामांकन में किसी प्रकार की कमी नहीं बताई गई थी, फिर भी मेरा नामांकन दलित समाज से होने के कारण खारिज कर दिया गया।' आज शुक्रवार को प्रत्याशियों की सूची जारी की गई जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी की गाजियाबाद से प्रत्याशी वहां



मोनिका गौतम का नाम नहीं था और उनका नाम नामांकन खारिज की गई सूची में बताया गया।

जब बहन मोनिका गौतम से यह बात पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नामांकन खारिज होने की सूचना आज नहीं चल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नामांकन खारिज होने का पत्र कल मिलेगा तो पता चलेगा कि किस कारण से खारिज किया गया है।' बहन मोनिका गौतम ने कहा कि जब चुनाव अधिकारी सभी कागजात से संतुष्ट थे तो खारिज होने का सवाल ही नहीं खड़ा होता। उन्होंने इसमें राज्य सरकार की अधिकारियों पर दबाव डालकर दलित समाज से जुड़े प्रत्याशियों को प्रताड़ित करने और राजनीति में न आने देने की चाल बताई है। उन्होंने कहा है कि यह मामला घर वैधानिक है और हम इसे तत्काल कोर्ट में लेकर जाएंगे। मोनिका गौतम ने एक राष्ट्रीय हिंदी अखबार में प्रकाशित समाचार का हवाला देते हुए कहा कि बीजेपी सरकार चुनाव आयोग को कठपुतली बना दिया है। इस तरह की घटनाएं और दूसरे प्रदेशों से भी आ रही है। उन्होंने कहा कि आज समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी भारत के चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है और कहा कि समाजवादी पार्टी के इकलौते प्रत्याशी का नामांकन जान-बूझकर निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने भारत के चुनाव आयोग को आड़े हाथ में लेते हुए केंद्र सरकार पर आरोप लगाया और कहा, 'यह सरेआम लोकतंत्र की हत्या हो रही है।' इस मामले को स्थानीय अमर उजाला का भोपाल संस्करण अपने विशेष विशेष स्टोरी के रूप में कवर किया है।

## अमरपाल शर्मा के चुनावी मैदान में आने से बदले समीकरण, दोनों गठबंधनों के बीच बना कांटे का मुकाबला

# इंडिया गठबंधन लोकसभा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा ने सभी वर्गों से की अपने पक्ष में भारी मतदान करने की अपील

हिन्द आत्मा संवाददाता

**मोदीनगर।** बागपत में नामांकन दाखिल करने के बाद पहली बार मोदीनगर की जनता के बीच पहुंचे अमरपाल शर्मा का फूल मालाओ से भारी स्वागत हुआ। इस मौके पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की क्षेत्र के चहुमुखी विकास करने की कई योजनाओं का मेरे दिमाग में खाका हैं चुनाव जीते ही जिसे अमल में लाया जाएगा। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ने कहा लोकसभा प्रत्याशियों की जीत में मोदीनगर ही निभाता है महत्वपूर्ण भूमिका इस बार मुझे पूरी उम्मीद है की नगर व क्षेत्रवासियों का मुझे भरपूर आशीर्वाद मिलेगा। शुक्रवार को इंडिया गठबंधन से घोषित किए गए लोकसभा प्रत्याशी पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा बुधवार को नामांकन दाखिल करने के बाद पहली



बार मोदीनगर स्थित तिबड़ा रोड पर उनकी प्रतीक्षा कर रहे सैकड़ो मतदाताओं के बीच पहुंचे। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मतदाताओं को जाति धर्म सहित अन्य मनमुटाव पैदा करने वाले मुद्दों से ऊपर उठकर उनके पक्ष में मतदान करना है। उन्होंने कहा बागपत लोकसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए उनके मस्तिष्क में कई योजनाएं हैं जिन्हें चुनाव जीते ही तेजी के साथ धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा बागपत लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशियों को जिताने में मोदीनगर विधानसभा के मतदाता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं इस बार उन्हें पूरा विश्वास है कि मोदीनगर की जनता का उन्हें भरपूर आशीर्वाद मिलेगा और वह भारी वोटो से जीत दर्ज करने में कामयाब रहेंगे।

# एनसीआरटीसी को तीन प्रतिष्ठित सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार 2024 से किया गया सम्मानित

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** एनसीआरटीसी को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में 15वें निर्माण उद्योग विकास परिषद (सीआईडीसी) विश्वकर्मा पुरस्कार 2024 के तहत तीन प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। एनसीआरटीसी को निर्माण, सामग्री, आपूर्ति, सेवाओं और निर्माण क्षेत्र से संबंधित किसी भी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ और व्यावसायिक रूप से प्रबंधित 2500 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाले संगठनों की श्रेणी में अचीवमेंट अवार्ड (उपलब्धि पुरस्कार) प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही एनसीआरटीसी को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के लिए सोशल डेवेलपमेंट एंड इम्पैक्ट और बेस्ट कन्स्ट्रक्शन प्रोजेक्ट के लिए भी दो अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त हुए हैं।

विश्वकर्मा पुरस्कार निर्माण क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान और उपलब्धियों की सराहना और प्रोत्साहन देने के लिए प्रदान किए जाते हैं। सीआईडीसी



भारतीय निर्माण उद्योग के भीतर शीर्ष निकाय है जो सर्वोत्तम निर्माण प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार काम करने के लिए समर्पित है।

एनसीआरटीसी दिल्ली से मेरठ के बीच देश के पहले रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) को कार्यान्वित कर रहा है, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में महानगरीय और बड़े शहरों, कस्बों और शहरी नोड्स को जोड़ने वाली एक रेल-आधारित उच्च गति और हाई फ्रिक्वेंसी वाली क्षेत्रीय पारगमन प्रणाली है। इसका उद्देश्य बेहतर पहुंच के माध्यम से यात्रियों को सशक्त बनाना और एनसीआर के आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है, जिससे लोगों की रोजमर्रा की जीवनशैली भी विकसित होगी। दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ जैसे घनी आबादी और भीड़भाड़ वाले शहरों में भारत की पहली आरआरटीएस परियोजना के कार्यान्वयन में एनसीआरटीसी के सामने बड़ी चुनौतियाँ आईं। इस परियोजना के तहत भीड़भाड़ वाली सड़कों, वॉटर बोडीज और रेलवे लाइनों को पार करने के लिए वायडक्ट, अंडरग्राउंड सेक्शन और स्पेशल स्टील स्पैन बनाने की आवश्यकता पड़ी, जिसके लिए संबन्धित हितधारकों के साथ भी समन्वय किया गया। इन बाधाओं के बावजूद, एनसीआरटीसी ने सावधानीपूर्ण प्लानिंग के जरिए कुशल लॉजिस्टिक्स प्रबंधन और न्यू इंजीनियरिंग समाधानों के माध्यम से सफलतापूर्वक काम पूरा किया। इस रणनीतिक दृष्टिकोण ने एनसीआरटीसी को कोविड-19 महामारी से उत्पन्न अभूतपूर्व चुनौतियों के बीच भी परियोजना को समयसीमा के भीतर पूरा करने की दिशा में सक्षम बनाया। आरआरटीएस कॉरिडोर पर चलने वाली नमो भारत ट्रेनों की डिजाइन गति 180 किमी/घंटा और परिचालन गति 160 किमी/घंटा है। आरआरटीएस तेज, विश्वसनीय, सुरक्षित, आरामदायक, कुशल और टिकाऊ परिवहन समाधान प्रदान कर रहा है और दिल्ली को गाजियाबाद, मुरादनगर, मोदीनगर और मेरठ के शहरी केंद्रों से जोड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में 6 मार्च 2024 को दुहाई से मोदी नगर नॉर्थ आरआरटीएस स्टेशन तक 17 किलोमीटर के अतिरिक्त खंड पर नमो भारत ट्रेन सेवाओं का उद्घाटन किया। वर्तमान में, दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर साहिबाबाद और मोदी नगर नॉर्थ के बीच 34 किलोमीटर के सेक्शन में नमो भारत ट्रेन सेवाएँ संचालित हैं। इस सेक्शन में कुल आठ स्टेशन शामिल हैं, जबकि कॉरिडोर के लिए बनाए जा रहे अन्य स्टेशनों का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति कर रहा है। दिल्ली से मेरठ तक सम्पूर्ण कॉरिडोर की लंबाई 82 किमी है, जिसे जून 2025 की लक्षित समय सीमा से पहले संचालित करने का लक्ष्य है।

# भारत ने दुनिया को दिया विकास और गरीब कल्याण कार्यक्रम का मॉडल: योगी

## मुख्यमंत्री ने सहारनपुर, बिजनौर और नगीना में तीन जनसभाओं को किया संबोधित, राघव लखनपाल व कैराना से लोकसभा उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के लिए मांगा वोट





**सहारनपुर/बिजनौर/नगीना।** मुख्यमंत्री योगी आदितयनाथ ने शनिवार को सहारनपुर, बिजनौर और नगीना में तीन जनसभाओं को संबोधित किया। बीजेपी के स्टार प्रचारक सीएम योगी ने सहारनपुर में जहां प्रधानमंत्री की मौजूदगी में स्थानीय लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार राघव लखनपाल के लिए विशाल जनसभा को संबोधित किया वहीं उन्होंने कैराना लोकसभा सीट के प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के लिए भी जनता से भारी संख्या में मतदान की अपील की। इसके अलावा बिजनौर जनपद में दो-दो चुनावी जनसभाओं के जरिए मुख्यमंत्री ने पार्टी प्रत्याशी चंदन चौहान (बिजनौर) और ओम कुमार (नगीना) के लिए मतदान की अपील की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बीते 10 साल में देश में हुए अभूतपूर्व विकासकार्यों की चर्चा करते हुए विपक्षी दलों पर भी जमकर प्रहार किया। वहीं उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई भी दी। सहारनपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश की नंबर एक की लोकसभा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह क्रम चुनाव परिणाम में भी देखने को मिलेगा। सीएम ने कहा कि सौभाग्यशाली हैं कि हमने बदलते हुए भारत को देखा है। हम ऐसे भारत का दर्शन कर रहे हैं, जो दुनिया के अंदर वैश्विक मंच पर ग्लोबल लीडर और विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जाना जा रहा है। यह भारत दुनिया को विकास और गरीब कल्याण के कार्यक्रम का मॉडल दे रहा है। भारत का यह मॉडल नौजवानों को आजीविका की गारंटी और आस्था को सम्मान दे रहा है। पहले जिन मुद्दों पर चर्चा करने में लोग हिचकते थे, आज पीएम मोदी के नेतृत्व में उस कार्य को करने में भी कोई रूकावट नहीं आ रही है। बिजनौर में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि पाकिस्तान में दो वर्षों में 20 आतंकवादी मारे गये हैं। इसका जिक्र दो दिन पहले ब्रिटेन के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में किया गया है। इसका स्रोत वही बता सकते हैं, लेकिन एक बात तय है भारत आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलवामा की घटना के बाद कहा था कि भारत माता के सपूतों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। आज दुनिया देख रही है कि भारत दुश्मनों की माद में घुस करके उन्हें ठिकाने लगाना जानता है। भारत ने इसे एयर स्ट्राइक के माध्यम से करके दिखाया है। इतना ही नहीं, आज दुनिया के तमाम देश भारत का अनुसरण कर रहे हैं, क्योंकि भारत दुनिया में सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला देश बन रहा है। नगीना में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 साल का इंतजार खत्म हुआ है और प्रभु श्रीराम अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। न केवल श्रीराम का भव्य मंदिर तैयार हुआ है, बल्कि बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों का भी कायाकल्प हुआ है। साथ ही काशी में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जन्मभूमि को भी नया गौरव प्रदान किया गया है। यही नहीं बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का राम नाम सत्य भी हो चुका है। कोई देश 10 साल में कैसे बदल सकता है, इसका पूरी दुनिया में जीता जागता उदाहरण भारत है। उन्होंने कहा कि बीजेपी कहती नहीं, बल्कि करके दिखाती है। हमने प्रभु श्रीराम को साक्षात अयोध्या में विराजमान कर दिया है तो बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में जो सेंध लगाते थे उनका राम नाम सत्य भी हो गया है।

# मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक अधिकार है, मतदान करना हमारा कर्तव्य है और इससे हम अपने लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं : जिलाधिकारी

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** जैसा कि आप सभी जानते हैं कि हमारे देश में मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक अधिकार है। मतदान करना हमारा कर्तव्य है और इससे हम अपने लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं। मतदान अधिकार को समझाने, इसे सशक्त करने और मतदाता जागरूकता अभियान के महत्व को समझाने के लिए हमारे साथ आप सभी को इस अभियान में जुड़ना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदान के महत्त्व को जन-जन को समझाने एवं उन्हें आगामी चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करना है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2014 में गाजियाबाद का मतदान प्रतिशत 56.94 था, जो वर्ष 2019 में घटकर 55.89 प्रतिशत हो गया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 अत्यंत समीप है इसलिए आपके विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों का सहयोग लिया जाना आवश्यक हो गया है। बच्चे समाज की नींव होते हैं, यह हमारे कल के भविष्य भी हैं, ऐसे में आपको अपने विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के माता-पिता/अभिभावकों की भागीदारी को बढ़ाना होगा, उन्हें प्रोत्साहित करना होगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में अगर आप और हम मिलकर कार्य करेंगे तो मतदान के शत-प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। सभी को मतदाता जागरूकता अभियान से जोड़ने हेतु आपके द्वारा निम्नानुसार कार्य किए जायें-

- सर्वप्रथम आप अपने विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों एवं अभिभावकों के साथ मतदान के महत्व पर चर्चा करें।
- इस अवसर पर उन्हें मताधिकार का प्रयोग करने हेतु शपथ दिलायें।
- मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यालय में बैनर्स, पोस्टर्स, सेल्फी बूथ आदि लगाया जायें।
- मतदान से संबंधित वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, नुक्कड नाटक आदि गतिविधियां संचालित की जायें।
- मताधिकार का प्रयोग करने के उपरांत विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा सेल्फी के माध्यम से इसे साझा किया जायें।
- सभी स्कूल बसों के पीछे प्रशासन द्वारा प्रदत्त [illegible] के पोस्टर लगाया जायें।
- जिन विद्यार्थियों के परिवार के सभी सदस्य मतदान करेंगे, उन्हें विद्यालय में होने वाले आंतरिक मुल्यांकन में प्रोत्साहन स्वरूप अतिरिक्त 05 अंक दिये जायें।

स्वीप योजना के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध करायी गई सामग्री यथा-बैनर, पोस्टर, स्टीकर इत्यादि को भी आप अपने विद्यालय के आस-पास सहज दृश्य स्थलों पर व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रदर्शित/चस्पा करें। चुनाव के उपरान्त उन सभी विद्यालयों जिनमें मतदान करने वाले अभिभावकों का मतदान प्रतिशत अधिक होगा को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। हम सबका मुख्य उद्देश्य मतदान का प्रतिशत बढाना है। इस दृष्टि से में आपसे अपील करता हूँ कि आप इस अभियान में अपने साथ-साथ अपने विद्यार्थियों की अभिभावकों एवं परिवारजनों को लोकतन्त्र के इस महापर्व पर मतदान हेतु न कंवल प्रेरित करें, अपितु ऐसा प्रयास करें कि वह मतदान में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करें। आप सभी को आगामी मतदान दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।



उजाला समिति द्वारा शनिवार को असालत नगर के विद्यालय और सैंथली प्राथमिक विद्यालय मुरादनगर के बच्चों को मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत शपथ दिलाई गई कि वो अपने घर में आस पास के लोगो को वोट डालने के लिए जागरूक करें। मतदान हमारा अधिकार है बच्चे बड़ो से ज्यादा समझदार होते हैं उनके द्वारा बात बड़ो तक पहुँचायी जा सकती है। 'पहले करो मतदान फिर करो जलपान।'

# किशोर से कुकर्म का प्रयास, विरोध पर पीटा



हिन्द आत्मा संवाददाता

**मोदीनगर।** नगर की एक कॉलोनी में एक युवक ने किशोर के साथ कुकर्म का प्रयास किया। आरोपी ने विरोध करने पर किशोर को पीटकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल किशोर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। नगर की एक कॉलोनी निवासी युवती ने बताया कि उसका 15 वर्षीय भाई कॉलोनी के बच्चों के साथ खेलता है। शुक्रवार शाम वह पार्क में खेल रहा था। इसी दौरान कॉलोनी निवासी एक युवक किशोर को एकांत में ले गया और उसके साथ कुकर्म का प्रयास किया। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि अक्षित चौधरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रथम दृष्टया जांच में मामला आपसी लेनदेन का लग रहा है।

# पीएम मोदी ने जीता युवाओं का दिल, रितेश की बनाई तस्वीर पहुंची नरेंद्र मोदी तक

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में नरेंद्र मोदी की रैली के दौरान एक ऐसा वाकया हुआ जिसने सभी युवाओं का दिल जीत लिया। शायद युवाओं के दिल में उतरने का हुनर नरेंद्र मोदी जानते हैं इसीलिए रितेश की बनाई हुई तस्वीर नरेंद्र मोदी तक पहुंच ही गई। रितेश शर्मा के मित्र नमन शर्मा और अभिषेक शर्मा ने यह तस्वीर रितेश की ओर से पीएम मोदी को सौंपी है। नमन गाजियाबाद के वरिष्ठ पत्रकार अमित शर्मा के पुत्र हैं और अभिषेक अमित शर्मा के भांजे हैं। रितेश की गैर मौजूदगी में उनके भाई जैसे मित्र नमन और अभिषेक ने रितेश द्वारा बनाई गई पीएम मोदी की तस्वीर उन्हें भेंट की। हर पीढ़ी का दिल जीतना नरेंद्र मोदी की कला है और संवाद ही उनकी ताकत है। शनिवार को लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में गाजियाबाद में रोड शो के दौरान भी कुछ ऐसा ही हुआ। युवा रितेश शर्मा मोदी के बहुत बड़े फैन हैं। उन्होंने खासतौर पर एक तस्वीर नरेंद्र मोदी के लिए तैयार की थी। तस्वीर बनाते समय रितेश ने कभी नहीं सोचा था कि यह मोदी तक पहुंचेगी। तमाम तैयारियों के बावजूद किसी वजह से रितेश रोड शो में न आ सके। तो उन्होंने अपने मित्र नमन शर्मा और अभिषेक शर्मा को तस्वीर सौंपी। उन्होंने अपने मित्रों से खासतौर पर कहा कि पीएम मोदी की नजर भी अगर इस पर पड़ गई, तो मेरी मेहनत सफल हो जाएगी। रितेश की किस्मत देखिए, सड़कों पर उमड़े जनसमूह के बीच सबका अभिवादन स्वीकार करते हुए मोदी की नजर उस तस्वीर पर पड़ गई जो रितेश ने उनके लिए वह जानते हैं कि किसी युवा के लिए ये जिंदगी भर यादों में संजोने लायक बात होगी। उन्होंने तत्काल गाजियाबाद से लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग को तस्वीर मंगाने का इशारा किया। अतुल गर्ग ने साथ चल रहे सुरक्षाकर्मियों से तस्वीर लेकर खड़े युवाओं से तस्वीर लाने के लिए कहा। सुरक्षाकर्मियों ने ये तस्वीर अभिषेक और नमन से ली और मोदी जी के पास पहुंचा दी गई।

## प्रमुख सचिव, नगर विकास अमृत अभिजात द्वारा टीएसटीपी प्लांट को लेकर की गई समीक्षा बैठक, नगर आयुक्त ने पेश की चल रहे कार्यों की रिपोर्ट

# परियोजना के विस्तार पर हुई गहन चर्चा, बढ़ाया जा सकता है कार्य क्षेत्र: नगरायुक्त







हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश अमृत अभिजात द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बोंड के प्रोजेक्ट को लेकर अधिकारियों से समीक्षा बैठक की गई बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा टीएसटीपी के चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा वबैग द्वारा कार्य की रफ्तार को बढ़ाने की निर्देश भी दिए गए, बैठक में गाजियाबाद नगर निगम के महाप्रबंधक जल केपी आनंद, ग्रीन म्युनिसिपल बोंड के सलाहकार अनुराग, पीएमसी टीम तथा वबैग की टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि ग्रीन म्युनिसिपल बौंड को लेकर प्रमुख सचिव नगर विकास महोदय द्वारा इंदिरापुरम स्थित 74 एमएलडी संयंत्र कॉन्फ्रेंस हॉल में समीक्षा बैठक की गई बैठक में संबंधित सभी अधिकारी व टीम उपस्थिति रही, वबैग को अति शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए जिसमें 30 जून तक परियोजना को पूर्ण रूप देने के लिए आदेशित किया गया, प्रमुख सचिव नगर विकास महोदय द्वारा चल रहे कार्यों का मौके पर स्थलीय निरीक्षण भी किया गया, बैठक में प्रोजेक्ट को लेकर हो रही देरी पर विशेष रूप से गहन अध्ययन किया गया तथा विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को पूर्ण करने की योजना भी बनाई गई।

ग्रीन म्युनिसिपल समीक्षा बैठक के अंतर्गत वबैग टीम द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया, जिसमें विभागीय स्तर पर कार्यों में आई देरी पर भी चर्चा हुई चलते ग्रेप के कारण भी कार्यों में देरी हुई, बताया गया जिस पर प्रमुख सचिव नगर विकास तथा नगर आयुक्त गाजियाबाद द्वारा संबंधित टीम को कार्य करने की समय अवधि बढ़ाते हुए कार्य करने की निर्देश दिए तथा आगामी दो माह के भीतर चल रहे कार्यों को फाइनल स्टेज में लाने के लिए कहा गया, नगर आयुक्त द्वारा यह भी बताया गया की बैठक में औद्योगिक इकाइयों के क्षेत्र को बढ़ाने का भी निर्णय लिए जाने पर मंथन किया गया जिसके क्रम में परियोजना का विस्तार किए जाने पर चर्चा हुई तथा अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयों को जलापूर्ति के लिए विचार विमर्श हुआ बैठक में उपस्थित महाप्रबंधक जल के पी आनंद को परियोजना पर कड़ी मेहनत करते हुए कार्य की रफ्तार बढ़ाने के साथ-साथ प्रतिदिन रिपोर्टिंग के निर्देश दिए गए, वी ए टेक वैबाग कंपनी से, प्रोजेक्ट मैनेजर अग्नि, प्रदीप सरकार कंस्ट्रक्शन मैनेजर, तथा वन सिटी वन ऑपरेटर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुनील कुमार सिंह भी बैठक में उपस्थित रहे।

# सच्ची मित्रता का उदाहरण है श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता : आचार्य श्री महेश चंद्र पांडे









हिन्द आत्मा संवाददाता

**नई दिल्ली।** श्री कृष्ण की अद्भुत लीलाओं का गुणगान श्री सुखदेव जी से राजा परीक्षित ने सात दिन और रात सुना था परीक्षित ने मुनि सुखदेव से कहा जिनकी मृत्यु सात दिन बाद होनी है। उसे क्या करना चाहिए सुखदेव जी कहते हैं राजा परीक्षित मनुष्य को भगवान नाम संकीर्तन और भगवान की लीलाओं का गुणगान ही करना चाहिए। नाम संकीर्तन ही सर्व पापो का नाश करने वाला है इसीलिए निरंतर हरि नाम संकीर्तन का चिंतन करना चाहिए श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत सप्तम दिवस की कथा में भगवान श्रीकृष्ण का रुक्मणी से विवाह के बाद सत्यभामा, जामवंती, मित्रवृंदा अन्य 16 हजार रानियां के साथ हुआ प्रत्येक रानी से 10 पुत्र और एक पुत्री का जन्म हुआ, आगे चलकर सुखदेव जी बताते हैं भगवान श्रीकृष्ण के मित्र सुदामा का द्वारका में आगमन हुआ व्यास पीठ से आचार्य श्री महेश चंद्र पांडे जी कहते हैं सच्ची मित्रता का उदाहरण है। श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता भगवान श्री कृष्ण के मित्र सुदामा गरीब थे श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता के विषय में बताते हुए कहा गुरुकुल में कृष्ण और सुदामा ने साथ में मुनि संदीपनी के यहां शिक्षा ग्रहण की। सुदामा की पत्नी सुशीला ने जब भगवान से मिलने के लिए कहा तब सुदामा जी श्री कृष्ण दर्शनों की लालसा लिए हुए द्वारकापुरी आए।

श्री कृष्ण के लिए भेंट स्वरूप सुदामा जी की पत्नी सुशीला ने तंदुल दिए लेकिन द्वारका के वैभव को देखते हुए सुदामा ने उसे छुपा लिया। श्री कृष्ण ने सुदामा के मन की जान ली और छीन कर तंदुल खा लिए और वरदान स्वरुप दो लोक का राज्य सुदामा को दान कर दिया। तीसरी मुट्ठी पर रुक्मणी ने भगवान को रोक दिया श्री कृष्ण ने सुदामा का भव्य स्वागत कर मित्रता की मिसाल दी। आगे चलकर कथा में दत्तात्रेय जी का प्रसंग दत्तात्रेय जी ने 24 गुरु की महिमा का वर्णन आदि लीला के बाद श्री कृष्ण का अपने श्रीधामगमन का विस्तार से वर्णन श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस के अवसर पर श्री बांके बिहारी मंदिर श्रीधाम वृंदावन से सेवायत श्री करण कृष्ण गोस्वामी ने पधारकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया। रविंद्र गुप्ता द्वारा श्री करण कृष्ण गोस्वामी का पटका माला पहनाकर स्वागत किया गया। करण कृष्ण गोस्वामी द्वारा व्यसाचार्य को श्री बांके बिहारी की चित्रपट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित होकर श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लेते रहे। भक्तजन भजनों पर जमकर नाचे आरती के बाद सब प्रसाद लेकर अपने-अपने घर के लिए पधारे। इस अवसर पर समस्त गुप्ता परिवार ने सभी का स्वागत कर आनंद लिया।

